हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 5 दिसंबर 2024



## गुम नाबालिग बालिका मप्र में मिली

**राजनांदगांव।** घर से बिना बताए नाबालिग कहीं चली गई थी। इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने पतासाजी करते नाबालिग को मप्र से बरामद किया, जिसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

ओपी मोहारा थाना डोंगरगढ़ के धारा-137(2) बीएनएस के अपहता जो बिना बताये कहीं चली गई थी। जिसकी कायमी दिनांक से लगातार पता तलाश किया जा रहा था। पता तलाश के दौरान अपहता को 4 दिसंबर को पीपरटोला थाना बिरसा जिला बालाघाट (मप्र) से बरामद किया गया है। बरामद करने पर अपहता के परिजन द्वारा खुशी जाहिर करते राजनांदगांव पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# केंद्रों में 35 लाख क्विंटल धान जाम, सुस्त परिवहन को रफ्तार देने की कवायद
# आज से डेढ़ सौ वाहनों के जरिये होगा उठाव, राइस मिलर्स का पंजीयन भी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अविभाजित राजनांदगांव जिले के करीबन डेढ़ सौ उपार्जन केंद्रों में 35 लाख क्विंटल से अधिक धान जाम पड़ा हुआ है। जिसके कारण न केवल नई खरीदी प्रभावित हो रही है, बल्कि धान सड़ने की भी चिंता बढ़ गई है। ऐसे में प्रशासन ने अब धान खरीदी की प्रक्रिया में उठाव नहीं होने से बनी समस्या से निवारण के लिए अब गंभीर प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। मिलर्स के पंजीयन से पहले ही प्रशासन ने अपने स्तर पर उठाव शुरू करवा दिया है। अविभाजित जिले में अब तक एक लाख क्विंटल धान का उठाव भी कर लिया गया है। हालांकि इस रफ्तार से भी स्थिति सुधरती नजर नहीं आ रही है। यही कारण है कि आज से उठाव की गति में तेजी लाने के लिए डेढ़ सौ वाहनों के जरिये परिवहन शुरू कराया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के उन केंद्रों में पहले वाहनों को भेजा जाएगा, जहां जाम की स्थिति अधिक है। सूत्रों की माने तो राजनांदगांव जिले में ही 40 के करीब ऐसे उपार्जन केंद्र हैं, जहां बफर लिमिट से दोगुना तक अधिक धान होने के चलते खरीदी सुस्त पड़ गई है। ऐसे में इन केंद्रों की सूची तैयार कर धान का उठाव कराया जाएगा। हालांकि उठाव में असल तेजी तब ही आ पाएगी, जब मिलर्स परिवहन शुरू करेंगे। मिलर्स द्वारा भी उठाव के लिए पंजीयन कराना शुरू हो गया है और जल्द ही जिले में मिलर्स द्वारा भी परिवहन शुरू कर लिया जाएगा।

### जिन केंद्रों में जाम की स्थिति विकराल, वहां से पहले उठाया जाएगा धान

#### तीनों जिलों में उठाव

दो दिन पहले तक मोहला-मानपुर जिले में परिवहन शुरू नहीं हो पाया था, लेकिन मंगलवार से इसकी भी शुरूआत हो गई है। मोहला-मानपुर जिले से अब तक 7680 क्विंटल धान का परिवहन हो गया है। राजनांदगांव जिले में 57350 क्विंटल एवं खैरागढ़ जिले में 60900 क्विंटल धान का परिवहन कर संग्रहण केंद्रों में भेज दिया गया है।



#### 36 लाख क्विंटल खरीदी


अविभाजित राजनांदगांव जिले में धान खरीदी लगातार तेज गति से चल रही है। जिसका असर है कि एक पखवाड़े में ही 72 हजार किसानों ने 36 लाख क्विंटल धान बेच दिया है। इसमें राजनांदगांव जिले के 41175 किसानों ने 20.55 लाख क्विंटल, खैरागढ़ जिले के 20606 किसानों ने 11.15 लाख एवं मोहला-मानपुर जिले में 10407 किसानों ने 5.11 लाख क्विंटल धान बेच दिया है।

### उत्तर से आने वाली ठंडी हवाएं बदलेंगी मौसम, ठंड का फिर बढ़ेगा एहसास
# बदलेगा मौसमः तापमान में 3 डिग्री तक गिरावट संभव, 8 से बारिश के भी आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। उत्तर दिशाओं से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं के कारण तापमानम में तीन से चार डिग्री की गिरावट की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा 8 से 10 दिसंबर के बीच बेमौसम बारिश के भी आसार बताए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले तीन दिनों से बदली की वजह से ठंड गायब हो गई है। तापमान में भी 3 डिग्री तक इजाफा देखने को मिला है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन प्रारंभ हो गया है। जबकि बस्तर संभाग के जिलों में बंगाल की खाड़ी से अभी भी नमी आ रही है। इसके कारण प्रदेश के मध्य और उत्तर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। जबकि बस्तर संभाग के दक्षिणी भाग में हल्की वर्षा होने अथवा छींटे पड़ने की संभावना है। अगले तीन दिनों प्रदेश के सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में 5 से 6 डिग्री तक न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। मध्य भाग में तीन से चार डिग्री गिरावट होने की संभावना है तथा बस्तर संभाग के जिलों में एक से दो डिग्री तक गिरावट हो सकती है। 8, 9 और 10 दिसंबर को वर्षा की संभावना है। 8 दिसंबर को बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में सीमित रहने की संभावना है। जबकि 9 और 10 दिसंबर को प्रदेश के अनेक जिलों में वर्षा संभावित है।



#### विंड पैटर्न बना कारण

मौसम विभाग के एचपी चंद्रा से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण अंचल में विंड पैटर्न यानि पवन संरचना बदल रहा है। यही कारण है कि विंड पैटर्न बदलने से बेमौसम बारिश के आसार बन रहे हैं। बस्तर संभाग में आज से ही बारिश की संभावना जताई गई है। हालांकि राजनांदगांव, खैरागढ़ सहित मध्य छत्तीसगढ़ में 8 से 10 दिसंबर के बीच ही बारिश होने का अनुमान है।

#### तापमान सात डिग्री तक चढ़ा

बदली छाने का असर तापमान में भी देखने को मिला है। सप्ताहभर के भीतर ही अंचल के न्यूनतम तापमान में लगभग सात डिग्री का अंतर आया है। 29 नवंबर को न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री पर था, जो बुधवार को बढ़कर 20 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं अंचल का अधिकतम तापमान बुधवार को 31.5 डिग्री पर रहा। जबकि सप्ताहभर पहले 29 नवंबर को यह 28 डिग्री पर था। हालांकि आने वाले 72 घंटों में इसमें तीन से चार डिग्री की गिरावट संभव है।

#### धान सुरक्षित रखना चुनौती

ज्ञात हो कि प्रदेशभर में इस समय धान खरीदी चल रही है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में भी लगभग ढाई लाख किसानों ने अपना पंजीयन धान बेचने के लिए कराया है। हजारों की संख्या में किसानों ने अपनी उपज काट ली है और अब अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में बारिश की संभावना जताए जाने से उनके सामने भी कटी हुई फसल को सुरक्षित रखने की चुनौती आ गई है। फसल को भीगने से बचाने के लिए उन्हें तैयारी करनी पड़ेगी। वहीं उपार्जन केंद्रों में भी खुले में पड़े धान को कवर करना जरूरी हो गया है।

# अघोषित बिजली कटौती से आक्रोश कांग्रेसियों ने घेरा विभाग का दफ्तार

### सिंघोला सब-स्टेशन के हितग्राही हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के सिंघोला सब-स्टेशन क्षेत्र में आने वाले ग्रामीण इलाकों में अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस संगठन के साथ धामनसरा और आसपास गांव के ग्रामीणों ने कैलाश नगर स्थित कार्यपालन अभियंता कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान बिजली कटौती की समस्या हल नहीं होने पर विधायक का पुतला दहन करने को लेकर चेतावनी दी।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में सिंघोला सब-स्टेशन क्षेत्र से की जा रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर ग्रामीणों एवं प्रतिनिधियों ने नाराजगी व्यक्त करते घेराव किया।

#### उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

विद्युत मंडल का घेराव करने पहुंचे लोगों ने कहा कि बिजली कटौती बंद नहीं की गई तो सभी गांव के लोगों के साथ उग्र प्रदर्शन करते विद्युत विभाग का घेराव किया जाएगा।




#### दिन में कई बार बंद हो रही बिजली

बिजली कटौती की समस्या को लेकर पहुंचे पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र वैष्णव ने कहा कि सिंघोला सब-स्टेशन से बिजली कटौती की जा रही है। दिन में 5-6 बार लाइट बंद कर दी जाती है। उन्होंने कहा कि सप्ताहभर के भीतर कटौती बंद नहीं होती है तो सिंघोला सबस्टेशन के सभी गांव में स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह का पुतला दहन किया जाएगा।

#### पुतला जलाने की चेतावनी

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अघोषित बिजली कटौती को लेकर शिकायत आ रही है। ग्रामीणों को बिना सूचना दिए कई घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्दी व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो बिजली कटौती के इस मुद्दे को लेकर स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह का पुतला दहन किया जाएगा।

## अवैध रूप से शराब बिक्री आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। जिससे 5 नग बीयर बाटल एवं 8 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि सविंद्र सिंह अपने पंजाबी ढाबा के सामने लिटिया में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। मुखबीर की सूचना पर टीम रवाना होकर मौके पर जाकर रेड कार्रवाई कर आरोपी सविंद्र सिंह 30 वर्ष पता जीवनविहार अपार्टमेंट पाताल भैरवी मंदिर के पीछे के कब्जे से 5 नग बीयर बाटल व 8 नग पौवा देशी प्लेन शराब बिक्री रकम 150 रुपए को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# दुकान का ताला तोड़कर फोन, सिगरेट सहित नकद की चोरी, 23 दिन बाद आरोपी पकड़ाया

### दुकान का शटर तोड़कर की थी चोरी, मुखबीर की सूचना पर पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दुकान का ताला तोड़कर दुकान के गल्ले से नगदी रकम, सिगरेट, गुटखा एवं मोबाइल फोन चोरी के मामले में जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। रिपोर्ट दर्ज कराने के करीब 23 दिन बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 नवंबर की सुबह करीबन 5 बजे प्रार्थी की पत्नी हिराबाई पटेल साफ-सफाई करने गई तो देखी कि उसके दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ था व शटर थोड़ा उपर उठा हुआ था। प्रार्थी की पत्नी घर जाकर घटना के संबंध में जानकारी दी, तब प्रार्थी व घर वाले दुकान का शटर उठाकर अंदर



जाकर देखे तो उसके दुकान के गल्ला से 21,000 रुपए नगद व गल्ला के नीचे एक अन्य दराज जिसमें पुराना इस्तेमाली विवो कंपनी का मोबाइल, दुकान के अंदर बोरी में रखे सिगरेट, गुटखा, पाउच व अन्य समान जिसकी कीमती करीबन 14,660 रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। प्रार्थी के आवेदन पत्र से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### नकदी-मोबाइल बरामद

पुलिस के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि भटगांव का घनश्याम कुमार जोशी अपने पास एक नया मोबाईल रखा है, जिसे चोरी करने का संदेह होना बताने पर घनश्याम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने 10 नवंबर की रात्रि रोहत पटेल के दुकान का ताला तोड़कर मोबाईल, नगदी रकम एवं अन्य सामान चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी के समान को अपने घर में छिपाकर रखना बताए, जिसे घनश्याम द्वारा पेश करने पर 3,000 रुपए, एक विवो कंपनी का मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त राड को 4 दिसंबर को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की।

# वैवाहिक आयोजनों के लिए गिने-चुने मुहूर्त, बजेंगी मांगलिक शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



देवउठनी एकादशी के बाद से शुरू हुआ वैवाहिक मुहूर्त दिसंबर माह में भी है। इस माह सिर्फ छह अतिउत्तम मुहूर्त ही है। जिसके चलते बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन होने की संभावना है। इस दौरान बाजार में भी खरीदी के लिए लोगों की चहल-पहल बने रहने की संभावना है।

ज्ञात हो कि देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह के साथ ही मांगलिक मुहूर्तों की शुरूआत हो चुकी है। नवंबर माह में लगातार वैवाहिक मुहूर्तों के चलते वैवाहिक आयोजनों का लगातार क्रम बना रहा। इस दौरान लोगों में व्यस्तता रही। वहीं शादी-पार्टी में शामिल होने का सिलसिला बना रहा।

#### बाजार में बढ़ेगी चहल-पहल

दिसंबर में भी मांगलिक मुहूर्तों का क्रम है। पंचाग के अनुसार इस माह 2, 3, 4 को मुहूर्त रहे अब 10, 13 व 15 दिसंबर को वैवाहिक मुहूर्त है, जिसे लेकर जिनके यहां वैवाहिक आयोजन होने हैं, उन्होंने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी है। मुहूर्तों के चलते बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा इन दिनों लोगों की बेहतर चहल-पहल बने रहने की संभावना है।

#### सार्वजनिक भवने भी आरक्षित

दिसंबर माह में गिने-चुने मुहूर्तों के चलते जिनके यहां मांगलिक आयोजन होने हैं, उन्होंने पूर्व से ही सार्वजनिक भवन, होटल, इत्यादी आरक्षित करा लिए हैं। इसके अलावा टेंट, डेकोरेशन, हलवाई सहित अन्य वैवाहिक आयोजनों से जुड़े व्यवसायियों की भी इन दिनों व्यस्तता बने रहने की संभावना है। इस माह आयोजनों के चलते यात्री वाहनों में भी भीड़ का वातावरण बना रहेगा। वहीं कपड़े, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक, बर्तन सहित अन्य दुकानों में बेहतर ग्राहकी होगी।

#### शादियों से सब्जी बाजार में रौनक

इधर ठंड का मौसम होने के चलते बाजार में मौसमी हरी सब्जियों की भरपूर आवक है। वहीं वैवाहिक मुहूर्तों ने लोगों के बीच हरी एवं मौसमी सब्जियों की मांग बढ़ा दी है। अधिकांश लोग वैवाहिक आयोजनों के लिए कृषि उपज मंडी स्थित सब्जी मंडी से ही थोक में सब्जियों की खरीदी करने पूर्व में जुटे रहे। दिसंबर माह में भी सब्जियों की मांग लगातार बने रहने एवं सब्जी मंडी में सुबह के समय चहल-पहल बने रहने की संभावनाएं है। सब्जियों की मांग लगातार बने रहने से सब्जी व्यवसियों में उत्साह एवं हर्ष का माहौल है।

### तीन दिन चलेगा मतदान, प्रक्रिया में रेलवे के 59 कैडर कर्मचारी ले रहे हिस्सा
# ग्यारह वर्ष बाद यूनियन की मान्यता का चुनाव, 6 तक मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दे, मांगों को सरकार के समक्ष प्रमुखता से रखने का दावा करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 6 यूनियन अपनी मान्यता के लिए चुनाव मैदान में हैं। राजनांदगांव के रेलवे स्टेशन के समीप यूनियन की मान्यता के लिए तीन दिवसीय मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। जिसकी गोपनीय प्रक्रिया के तहत 4 दिसंबर से मतदान शुरू की गई है, जो 5 और 6 दिसंबर को भी जारी रहेगा।

राष्ट्रीय स्तर पर रेलवे कर्मचारी यूनियन को मान्यता देने के लिए राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के समीप बूथ क्रमांक 76 में मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। इस मतदान प्रक्रिया में रेलवे के 59 कैडर के कर्मचारी हिस्सा ले रहे हैं। इस चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से रेलवे कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने एक यूनियन को मान्यता दी जाएगी।




#### 6 संगठन मैदान में

यूनियन की मान्यता के लिए हो रहे इस चुनाव में मजदूर कांग्रेस यूनियन, स्वतंत्र रेलवे बहुजन कर्मचारी संघ, अखंड रेलवे कर्मचारी संघ, साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे श्रमिक यूनियन, रेल मजदूर यूनियन और दक्षिण पूर्व रेलवे मजदूर संघ अपनी मान्यता के लिए मजदूर हितों के विभिन्न मुद्दों को अपने मेनिफेस्टो के साथ रखकर चुनाव मैदान में हैं।

#### 441 मतदाता, छह यूनियन मैदान में


राजनांदगांव रेलवे स्टेशन परिसर के समीप संपन्न कराए जा रहे इस चुनाव में 6 यूनियन अपनी मान्यता के लिए चुनाव मैदान में हैं, जहां 441 रेलवे कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग करते यूनियन को मान्यता देंगे।

#### फेडरेशन मान्यता का चुनाव

रेल कर्मचारी यूनियन से जुड़े आकाश मिश्रा और जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि यह चुनाव फेडरेशन की मान्यता का चुनाव है। यहां 6 संगठन मान्यता के लिए चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि जो भी यूनियन मान्यता में आएगी, फिर उसके अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री सहित बॉडी का गठन होगा। इसके बाद जोन और डिवीजन स्तर पर पदाधिकारियों का गठन होगा।

#### कोरोनाकाल की वजह से विलंब

देशभर में यूनियन को मान्यता देने के लिए किए जा रहे इस चुनाव प्रक्रिया का आयोजन 11 वर्ष बाद संपन्न किया जा रहा है। मान्यता के लिए होने वाली इस मतदान प्रक्रिया को 6 वर्ष में संपन्न किया जाना है, लेकिन कोरोना की वजह से चुनाव नहीं हो पाया था। इससे पहले यह चुनाव वर्ष 2013 में संपन्न हुआ था। चुनाव प्रक्रिया को लेकर यूनियन से जुड़े लोगों ने बताया कि 30 प्रतिशत मतदान जिस यूनियन के मान्यता के लिए मिलेगा, उस यूनियन को ही नेतृत्व करने का अवसर मिलता है। देशभर के 17 जोन में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद यूनियन की मान्यता मतों के आधार पर पूरी होगी।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

न्यूरो सर्जन
डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- एक्सीडेंट या दुर्घटना से मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की चोट
- ब्रेन एवं स्पाइनल ट्यूमर/ रसोली या गांठ
- हाइड्रोकेफलस (मस्तिष्क में पानी भरना) ● गर्दन या कमर दर्द
- डिस्क की बीमारी (सर्वाइकल या सयाटिका की प्राब्लम)
- ट्यूबरकुलोसिस स्पाइन
- ब्रेन एन्यूरिसम (खून की नसों में गुब्बारा बन जाना)
- ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक / लकवा रीढ़ की हड्डी के अन्य जटिल ऑपरेशन
- विभिन्न प्रकार के सिर दर्द/ ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
Time - 3 PM to 6.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### जोन स्तरीय स्पर्धा आज से

**पटेवा।** प्राथमिक शाला मुड़भादुर में दो दिवसीय जोन स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 5 एवं 6 दिसंबर को ग्रामवासियों एवं शाला विकास समिति के तत्वावधान में किया गया है। प्रतियोगिता में 4 उपजोन के लगभग 300 प्रतिभागी छात्र छात्राएं भाग लेंगे। कल 5 दिसंबर को प्राथमिक स्तर की प्रतियोगिता होगी। इसी प्रकार माध्यमिक स्तर की प्रतियोगिता 6 दिसंबर को आयोजित होगी।

### वंदन योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर



**सड़क अतरिया।** राज्य सरकार ने गत दिनों महतारी वंदन योजना की दसवीं किस्त महिलाओं के खाते में जमा किया। राशि पाकर महिलाओं ने प्रसन्नता जाहिर किया। भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष ज्योति जंघेल ने कहा कि भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही रही है।

### समस्या निवारण शिविर कल

**डोंगरगांव।** ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत टप्पा में कलेक्टर के निर्देशानुसार 6 दिसंबर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर प्रातः 10 बजे शुरू होगा। जनपद सीईओ रौशनी भगत से टप्पा क्षेत्र के ग्रामीणों से समस्या के समाधान के लिए शिविर में शामिल होने का आव्हान किया है।

### श्रमदान कर छात्रों ने की सफाई

**जलबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने श्रमदान करते हुए सफाई किया। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास सफाई करते हुए कचरा संग्रह किया। पानी की निकासी का प्रबंध किया गया। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को धन्यवाद देते हुए मोर कॉलेज, मोर कैंपस, क्लीन कैंपस का नारा दिया। स्वच्छता अभियान में प्रो. संजय देवांगन सहित अतिथि व्याख्याता आदि शामिल हुए।



### परख परीक्षा आयोजित

**सड़क अतरिया।** वेद विज्ञान विद्या मंदिर सड़क अतरिया में बुधवार को परख परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यार्थीयों का स्तर परखने इस परीक्षा आयोजन किया गया था जिसमें कक्षा तीसरी, 6 वीं एवं 9 वीं के छात्र शामिल हुए। केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक के रूप में पूरन बंजारे, के कौशिक, मनीषा साहू उपस्थित थी।



### विद्यार्थियों ने किया अस्पताल का विजिट




**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार के प्राचार्य केके साहू के नेतृत्व और व्यवसायिक प्रशिक्षक तेजनारायण साहू के मार्गदर्शन में हेल्थ केयर के विद्यार्थी ने अस्पताल का विजिट किया। हेल्थ केयर के विद्यार्थियों ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर पिनकापार जाकर स्वास्थ्य और अस्पताल से संबंधित जानकारी प्राप्त किया। विद्यार्थियों को रिसेप्शन, बीपी, शुगर, तापमान जांच, प्राथमिक उपचार, ड्रिप लगाना, ड्रेसिंग करना, बेड मेकिंग, महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, प्रयोगशाला, इंजेक्शन वार्ड, ड्रेसिंग वार्ड के बारे में डॉ उदय तिवारी, नर्स प्रियंका एवं गौरव ने जानकारी दी।

### फार्म हाऊस का किया अवलोकन

**बोरतलाब।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव के कृषि संकाय के छात्र, छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत गणपति फार्म हाउस पहुंचकर अवलोकन किया। छात्रों ने ड्रेगन फ्रूट, नारियल, सुपारी की खेती का अवलोकन किया। फार्म हाउस के संचालक गणपति ने विद्यार्थियों को खेती की विधि, मार्केटिंग, ड्रीप सिंचाई, नया पौधा तैयार करने तथा झटका फैंसिंग के बारे जानकारी दिया। छात्रों के साथ व्याख्याता सुदेश चौरसिया, डोमेश्वर साहू, शारदा क्षत्री उपस्थित थे।

### खेल स्पर्धा और युवा महोत्सव कल

**डोंगरगढ़।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय महिला खेल एवं युवा उत्सव का आयोजन 6 दिसम्बर को कन्या शाला में किया गया है। महिला खेल में खो-खो, रस्साकस्सी, व्हालीबॉल, एथलेटिक्स, तवा फेंक, बैडमिंटन, कुश्ती शामिल है। प्रतियोगिता सुबह 9 बजे प्रारंभ होगी। इसी क्रम में युवा उत्सव प्रातः 9 बजे से कन्या शाला डोंगरगढ़ में आयोजित होगा। इसमें प्रतिभागी वाद्य यंत्र स्वयं लेकर आएंगे। इस मौके पर सुआ, पंथी, करमा, सरहूल, बस्तर लोकनृत्य, लोक गीत, कहानी लेखन, वक्तृत्व कला, चित्रकला, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प कला शामिल है। युवा उत्सव में 15 से 40 साल के प्रतिभागी भाग ले सकते है।

### एड्स से बचाव के बारे में बताया

**डोंगरगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के तत्वावधान में तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अनीष दुबे के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आईटीआई में एड्स दिवस के तहत शिविर का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति के पीएलवी ने लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। इस बीमारी से बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो रही है। इस मौके पर ग्रामीणों को नालसा हेल्पलाइन 15100 , राष्ट्रीय लोक अदालत एवं अन्य विधिक जानकारी दी। इस कार्यक्रम को प्राचार्य श्री बंजारे, स्वास्थ कर्मचारी धीरेन्द्र, पीएलवी अशोक कुमार पांडेय, पवन कुमार उपस्थित थे।



## धान की तस्करी रोकने प्रशासन मुस्तैद, अव्यवस्था से किसानों में नाराजगी

# चेक पोस्ट में पकड़ाया एमपी का धान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

राजस्व विभाग और मंडी की टीम गत 3 दिसंबर को साल्हेवारा क्षेत्र के दौरे पर थी। इस दौरान टीम को भाजीडोंगरी चेक पोस्ट से सूचना मिली कि मध्यप्रदेश का धान ट्रेक्टर से छत्तीसगढ़ सीमा की ओर आ रहा है। टीम ने चेक पोस्ट पहुंचकर ड्राइवर से पूछताछ किया। ड्राइवर ने अपना नाम गुलशन कुमार बताया। ट्रेक्टर में भरे धान को कंसलाल नागेश्वर निवासी अचानकपुर मध्यप्रदेश का होना बताया। टीम ने ट्रेक्टर में 90 कट्टा धान पाया। जिसका वजन 40 क्विंटल 50 किलो है। टीम ने कार्रवाई करते हुए धान से भरे ट्रेक्टर को जप्त कर साल्हेवारा थाना के सपुर्द खड़े करवा दिया है।

### लगातार कार्रवाई जारी

जानकारी के अनुसार राजस्व, मंडी, फ़ूड और पुलिस की टीम धान के अवैध परिवहन पर नजर रखते हुए किसी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई कर रही है। भाजीडोंगरी में हुई कार्रवाई में एसडीएम रेणुका रात्रे, मंडी सचिव चंद्रकांत वर्मा, फ़ूड इंस्पेक्टर, साल्हेवारा थाना प्रभारी आदि शामिल थे।

### अब तक 13 सौ क्विंटल धान जब्त

मंडी सचिव चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार टीम बना कर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। टीम अब तक लगभग 13 सौ क्विंटल धान जप्त कर चुकी है।

### धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण



**खुज्जी।** सेवा सहकारी समिति द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों के धान की खरीदी की जा रही है। गत 5 दिसंबर को डोंगरगांव तथा खुज्जी जिला सहकारी बैंक के तहत आने वाली सोसायटियों में पहुंचकर नायब तहसीलदार श्री खूंटे ने खरीदी का जायजा लिया। उन्होंने खुज्जी, खुर्सीपार, किरगी, सोनेसरार खरीदी केन्द्र में इलेक्ट्रानिक माप, धान की क्वालिटी ,परिवहन व्यवस्था, कैप कव्हर आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने सुचारू रूप से धान खरीदी करने के निर्देश दिए। खरीदी केंद्रों के प्रभारियों ने श्री खूंटे को धान का परिवहन नहीं होने से उपजने वाली स्थिति से अवगत कराया।

## बारदाने की कमी पर जतायी नाराजगी



**सड़क अतरिया।** जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल ने मंगलवार को संड़ी, कुकुरमुड़ा अतरिया तथा विचारपुर धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए किसानों की समस्या से रूबरू हुए। उन्होंने सुस्त परिवहन पर नाराजगी जताया है। उन्होंने कहा कि स्थानाभाव के कारण कुछ केन्द्रों में पैर रखने की जगह नहीं है जिसके चलते धान फड़ पर तराजू रखकर धान तौलना पड़ रहा है। केन्द्रों में बारदाना की समस्या बनी हुई है। किसानों को 50 प्रतिशत बारदाना स्वयं लाना पड़ रहा है। किसान मंहगे में बारदाना खरीद कर धान बेच रहे हैं। उन्होंने बारदाने की कीमत किसानों को तत्काल देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने धान का एकमुश्त भुगतान 31 सौ रूपए की दर से करने का वादा किया था किन्तु 23 सौ की दर से भुगतान किया जा रहा है।



### कांग्रेस नेता पहुंचे धान खरीदी केन्द्र, किसानों से मिले

**छुरिया।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिले में धान खरीदी केंद्र चलो अभियान शुरू किया गया। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने वाले विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर राम साहू, विपिन यादव, सलमान खान, सुनील लारोकर ने किसानों से चर्चा कर दिक्कतों की जानकारी ली। छुरिया, साल्हेटोला, गहिराभेड़ी सहित अन्य केंद्र का निरीक्षण करने के बाद कांग्रेस नेताओं ने कहा कि समस्त केन्द्रो में अव्यवस्था देखने मिला। टोकन नहीं कट रहा है। किसानों से सूखत के नाम पर अधिक धान लिया जा रहा है। अब तक धान का उठाव नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार किसानों से पूरा धान खरीदना नहीं चाहती। धान बेचने में किसानों को परेशानी हो रही है। सभी सोसायटियों में बारदाने की किल्लत है। किसानों से बारदाना मंगाया जा रहा है। किसानों को 3100 की जगह 2300 रुपए का भुगतान किया जा रहा है।

### धान खरीदी करने में सरकार फेलः मंडावी



**मोहला।** जिले के धान उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नहीं होने के कारण धान खरीदी बंद होने पर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी बंद होने से किसान परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव के पहले बड़े-बड़े वादे किए थे किन्तु सत्ता मिलते ही भाजपा का चेहरा बेनकाब हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों का पूरा धान खरीदना ही नहीं चाहती है यही कारण है कि पहले धान उठाव की 72 घंटे की सीमा को रद्द कर दिया और अब किसानों को बारदाना उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। धान खरीदी शुरू होने के महीने भर बाद भी खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था देखने को मिल रही है। उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से 4 गुना अधिक धान जमा हो गया है जिसका सरकार उठाव नहीं करवा रही है।



### छात्रों को दी गई विधिक जानकारी

**डोंगरगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विकलांग दिवस के अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला माड़ीतराई में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों के अधिकारों और समस्याओं पर चर्चा हुई। पीएलवी अशोक पांडेय ने बताया कि मानसिक और शारीरिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को सामान्य नागरिकों की तरह मौलिक और संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। उन्होंने श्रमिकों को श्रमिक कार्ड से होने वाले लाभ की जानकारी दी। पवन कुमार ने विधिक जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया।

# ग्लेजी यूनिट की जमीन पर कब्जा की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

■ अतिक्रमण के पहले ही प्रशासन ने थमा दिया पट्टा

ग्रामोद्योग विभाग के माध्यम से निर्माणाधीन ग्लेजी यूनिट की जमीन पर अतिक्रमण होना आखिरकार राजस्व विभाग ने स्वीकार कर लिया है हालांकि अभी हटाने की कार्रवाई होना शेष है। आरआई ने पटवारी को अतिक्रमण का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा है।

उल्लेखनीय है कि करियाटोला स्थित खसरा नं. 168/2 का रकबा 0.282 को ग्रामोद्योग विभाग को ग्लेजी यूनिट निर्माण के लिए आबंटित किया गया है। इस जमीन के कुछ हिस्से में अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है। इस अतिक्रमण के खिलाफ कुंभकार समाज के लोगों ने गत दिनों एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। मंगलवार को आरआई और पटवारी ने मौके पर पहुंच कर जमीन का नाप किया। नाप के दौरान पूर्व के किए गए नाप को पीछे हटाते हुए अतिक्रमण को बचाने की कोशिश किया जा रहा था, किन्तु लोगों द्वारा नाप को नकारने के बाद राजस्व विभाग को स्वीकार करना पड़ा कि ग्लेजी यूनिट की जमीन पर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है।



### निर्माण में घालमेल

ग्रामोद्योग विभाग द्वारा जिस जमीन पर ग्लेजी यूनिट का निर्माण कराया जा रहा हैं वह माटीकला बोर्ड को आबंटित है। इसके पूर्व ग्रामोद्योग विभाग को जो दो एकड़ जमीन मिली थी उस पर नगर पंचायत ने जमीन के हस्तांतरण के बिना ही गार्डन बना दिया है। गार्डन की जमीन अब भी ग्रामोद्योग विभाग के नाम पर दर्ज है। सवाल यह है कि किसी अन्य की जमीन पर कैसे कोई अन्य निर्माण करवा रहा है।

### सवालों के घेरे में पट्टा

जानकारी के अनुसार अतिक्रमणकारी ने विभाग के समक्ष जमीन का पट्टा पेश किया है जो देखने मात्र से संदेहास्पद नजर आ रहा है। वर्ष 2019- 20 में जारी पट्टा में कई जगह सफ़ेदा लगाकर छेड़छाड़ किया गया हैं। पेश पट्टा में साफ नजर आ रहा है कि नाम, वार्ड क्रमांक, जमीन की चौहद्दी में हेराफेरी की गई हैं। हैरानी वाली बात यह कि उक्त जमीन पर वर्तमान में निर्माण किया जा रहा हैं जबकि विभाग ने अतिक्रमण करने के चार साल पहले पट्टा दे दिया था।

## प्रस्ताव के बाद होंगे निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आपसी विवाद के बाद 13 दिसंबर को खुलने वाला टेंडर अब खुल तो गया हैं किन्तु समान्य सभा की बैठक होने के बाद ही वर्क आर्डर जारी हो पाएगा। उल्लेखनीय है कि नगर में होने वाले कार्यों पर ऐसा ग्रहण लगा है जो उतरने का नाम नहीं ले रहा है। जनवरी-फरवरी में हुए टेंडर को निरस्त करने के बाद से निर्माण कार्य रूके हुए है। वर्तमान में अधोसंरचना मद से सांसद संतोष पांडे ने विकास कार्य स्वीकृत कराया है। प्रस्तावित कार्य की निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद जनप्रतिनिधियों के बीच तालमेल नहीं होने के कारण पीआईसी के मेंबरो ने भेदभाव का आरोप लगाते हुए निरस्त करने का प्रस्ताव किया था। पता चला है कि आगामी 6 दिसंबर को होने वाली सामान्य सभा की बैठक प्रस्ताव पारित कर निमार्ण कार्य शुरू किया जाएगा।

# मुढ़ीपार के प्राधिकृत अधिकारी ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



सेवा सहकारी समिति मुढ़ीपार के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी नरोत्तम सिन्हा ने 3 दिसम्बर को शपथ ग्रहण किया। शपथ समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे। अध्यक्षता जिपं सभापति घम्मन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि तोप सिंह राजपूत, टीलेश्वर साहू, खुमान देशलहरे, संतोष सिन्हा, गोरेलाल वर्मा, संतोष कर्ष, सुनील जैन, उदयलाल वर्मा, पंकजसिंह ठाकुर, पंचूराम साहू, डॉ. बिशेशर साहू, पुष्पराज सिंह, डीआर निर्मलकर, मानिक यदु, गणेश पटेल, हरिराम साहू, पुरुषोत्तम साहू, कुमेश साहू, किशोर साहू, शशि साहू, खेम सिन्हा थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने धान खरीदी, प्रधानमंत्री आवास आदि के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि द्वारा मुढीपार में निस्तारी तालाब विस्तारीकरण करने और अन्य विकास कार्य के संबंध में जानकारी दी। अंत में आभार प्रदश्रन जिला सहकारी के प्रबंधक नोहर वर्मा ने किया।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### आत्मनिर्भर बनने छात्रों को किया प्रेरित



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में बुधवार को रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर ने प्रमुख रोजगार मार्गदर्शक मनीष वैष्णव का स्वागत किया। स्वागत उदबोधन के बाद छात्र छात्राओं को रोजगार के विविध क्षेत्र, साधनों, आयामों एवं रोजगार प्राप्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। श्री वैष्णव ने काम्पीटिशन की तैयारी एवं कड़ी मेहनत पर सारगर्भित मार्गदर्शन दिया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि गिरीश सोनी ने कम्प्युटर के महत्व एवं उपयोगिला के बारे में बताया। इस मौके पर हरवंश चौरंगे, हेमशंकर साहू, सौम्या देवांगन, चांदनी पराते, शुभि जैन, सरोजनी वर्मा, राजूसिंग राजपूत, लीना साहू, हनी ठक्कर, काव्या जैन, हिमानी साहू आदि मौजूद थे। संचालन प्राध्यापक ओमप्रकाश सहारे ने किया।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का संकल्प

**कवर्धा।** कलेक्टर के निर्देशन और आनंद तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत बेंदरची की सक्रिय महिलाओं को बाल विवाह के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मिशन वात्सल्य की टीम ने बाल विवाह पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया।

# कवर्धा आतंक व भय से मुक्त, उपमुख्यमंत्री विजय ने विकास व सुरक्षा का दिया आश्वासन

- जनादेश दिवस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जनादेश दिवस के अवसर पर गत 3 दिसम्बर को भगवान परशुराम चौक पर भारत माता और भगवा झंडे की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान जय जय श्री राम के उद्घोष से पूरा माहौल गूंज उठा। कवर्धा के नागरिकों ने उपमुख्यमंत्री का भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया, जो उनके जनप्रियता का प्रतीक है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अब कवर्धा भय और आतंक से मुक्त हो गया है। उन्होंने बताया कि यहां की जनता आतंक और असुरक्षा के माहौल में जी रही थी। आपके आशीर्वाद से एक नई शुरुआत हुई और आपने मुझे विधायक बनाया।

आज सिर्फ विधायक ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का नेतृत्व करने के लिए उपमुख्यमंत्री का दायित्व भी दिया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आगे कहा कि आज का दिन हमारे लिए गर्व का दिन है, जब हमने एक नए युग की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि आप सभी के समर्थन और विश्वास से ही यह संभव हो सका है कि कवर्धा को एक नई दिशा मिल रही है। अब यहां हर नागरिक को सुरक्षित महसूस होता है और विकास की नई राहें खुल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में हर व्यक्ति को न्याय, सुरक्षा और समृद्धि मिले। हमने जिस परिवर्तन की शुरुआत की है, वह केवल कवर्धा तक सीमित नहीं रहेगा। पूरे प्रदेश में एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार होगा। उपमुख्यमंत्री ने अंत में यह भी कहा कि वे हमेशा जनता की सेवा में तत्पर रहेंगे और राज्य के हर कोने में विकास की गंगा बहाने के लिए काम करेंगे।

### मेरे भारत का बच्चा बच्चा गाने में झूमे लोग



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कार्यक्रम में मेरे भारत का बच्चा बच्चा गाने की धुन ने पूरा माहौल मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही यह गाना बजा, पूरे समारोह में मौजूद लोग झूम उठे और देशभक्ति के जज़्बे से भर गए। इस गाने ने कवर्धा की जनता में गर्व और उत्साह का संचार किया, जो कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा गया। कवर्धा के नागरिकों का उत्साह और समर्थन दर्शाता है कि उनके दिलों में अपनी संस्कृति, परंपरा और देश के प्रति प्यार किस हद तक गहरा है। यह दिन न केवल जनादेश का बल्कि एक नई शुरुआत का भी था, जिसमें सभी ने मिलकर राष्ट्रीयता और एकता के भाव को और मजबूत किया।

### कार्रवाई : पहले दिन जिला भाजपा अध्यक्ष सहित कई की हटाई गई दुकान व मकान

# ठाकुर देव चौक से हाईटेक बस स्टैण्ड तक सड़क चौड़ीकरण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा शहर के ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैण्ड को जोड़ने के लिए वार्ड क्रमांक 25 व 26 से होकर गुजरने वाले गोठिया मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का श्री गणेश बुधवार से कर दिया गया है। शासन द्वारा स्वीकृत इस सड़क मार्ग के चौड़ीकरण के लिए प्रशासन की गठित टीम द्वारा नापजोख करने के बाद बुधवार को बकायदा जेसीबी मशीन के सहारे सड़क चौड़ीकरण के लिए मार्ग के दोनों निर्धारित दायरे में आने वाले मकान व दुकानों सहित अन्य निर्माण कार्यो का हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह से ही प्रशासन एवं नगरपालिका की टीम तमाम साजो सामान के साथ मौके पर पहुंच गई थी और उसने अपनी कार्यवाही शुरू कर दी। गौरतलब है कि सड़क चौड़ीकरण के लिए किए गए नाप-जोख और सर्वे में पूर्व विधायक व जिला भाजपाध्यक्ष अशोक साहू का मकान व दुकान भी आया है। जिसको उन्होने स्वयं से हटाकर सड़क चौड़ीकरण कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान किया। उन्होनें बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप कार्य किया जायेगा। जिसमें हम सभी की भागीदारी आवश्यक है। बुधवार की सुबह से चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान पूर्व विधायक अशोक साहू, नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक, वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद सुनील साहू उपस्थित उपस्थित रहे और उन्होने कार्य निरीक्षण भी किया।

### 11 करोड़ रूपए की राशि से बनेगी सड़क



प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 25/26 ठाकुरदेव चौक घोठिया रोड से लेकर जुनवानी मार्ग होते हुए नया हाईटेक बस स्टैण्ड तक नवीन सड़क निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयास से 11 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। वार्डवासियों के द्वारा इस सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर खुशी जाहिर की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि रायपुर मार्ग घोठिया रोड से लेकर जुनवानी मार्ग होते हुए चल रहे सड़क निर्माण कार्य के दायरे में आने वाले सभी निर्माण कार्यो को तोड़कर चौड़ीकरण किया जा रहा है ताकि यातायात व्यवस्था सुगम हो सके। उन्होनें बताया कि ठाकुर देव समिति द्वारा 2 दुकान एवं 12 फिट ऊंचाई की बाउण्ड्रीवाल को तोड़कर सहयोग प्रदान किया गया है एवं पूर्व विधायक अशोक साहू ने अपनी 3 दुकान को हटाया

### पहले ही किया जा चुका है नाप जोक

जिला प्रशासन के निर्देश पर नजूल विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग के संयुक्त टीम ने अपनी कार्यवाही करते हुए सड़क निर्माण की कार्यवाही की जा रही है। टीम ने सड़क के बीच से मार्किंग कार्य पहले ही किया जा चुका है। ऐसे में सड़क के दोनों ओर निर्धारित दायरे में आने वाले घर और दुकान हटाया जा रहा है। इस कार्य में वार्डवासियों द्वारा भी अपना सहयोग दिया जा रहा है।

# कवर्धा शहर को मिली एक और बड़ी सौगात, बनेगा गौरव पथ

### उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से मिली 10 करोड़ से अधिक की स्वीकृति

- नगरवासियों को मिलेगी बेहतर आवागमन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद लगातार कवर्धा क्षेत्र में विकास की गाड़ी तेज रफ्तार से दौड़ने लगी है। जहां करोड़ो रूपए के विकास कार्य शहर में निर्माणाधीन है। इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयास से कवर्धा को एक और बड़ी सौगात मिली है। वार्डवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए प्रयासरत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व नगरपालिका परिषद की मेहनत धरातल पर सफल होते दिखाई देने लगा है। इस प्रयास के चलते नगरी प्रशासन विभाग ने नगर पालिका परिषद के प्रस्ताव पर मुहर लगाते हुए नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत लोहारा बायपास रोड से नवीन बाजार तक गौरव पथ निर्माण कार्य हेतु अधोसंरचना मद से 10 करोड़ 78 लाख 88 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। उक्त मार्ग निर्माण से कवर्धा शहर को घोठिया रोड चौडीकरण के साथ एक और नए चौड़ी सड़क की सौगात मिलने जा रहा है। यह रोड शहर के यातायात व्यवस्था के लिए मिल का पत्थर साबित होगा साथ ही नगर विकास में



इसकी बड़ी भूमिका होगी। लगातार विकसित हो रहे कवर्धा के लिए इसे बड़ी उपलब्धी के रूप में देखा जा रहा है। गौरव पथ निर्माण हेतु स्वीकृति से शहरवासियों में उत्साह है। क्षेत्रवासियों स्थानीय विधायक को सडक स्वीकृति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। भारतीय जनता पार्टी के शहर मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने इस बड़ी सौगात के लिए नगरवसियों की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं सांसद संतोष पाण्डेय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होने कहा कि विगत एक वर्ष में स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन में मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया है। कवर्धा शहर को लम्बे समय से जिन बड़े विकास कार्यो की आवश्यकता थी उनमें बहुत से कार्य विजय शर्मा के प्रयास से धरातल में मूर्त रूप लेने लगे है। इसी कड़ी में कवर्धा लोहारा रोड बायपास से नवीन बाजार तक गौरव पथ का निर्माण शहर विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होने कहा कि लम्बे समय से पिलारी नहर रोड में रहने वाले रहवासी इस सडक की प्रतीक्षा कर रहे है आने वाले समय में यह गौरव पथ शहर का एक और मुख्य मार्ग के रूप में विकसित होगा। उन्होंने राशि स्वीकृति के लिए नगरी प्रशासन मंत्री अरुण साव का भी आभार व्यक्त किया है।

# चिरायु योजना के तहत जिले में 55 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय निर्देश पर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए चिरायु योजना के तहत एक बड़ा कदम उठाया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आज जिला अस्पताल में आयोजित विशेष शिविर में 55 संभावित हृदय रोग से ग्रसित बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें से 28 बच्चों को हृदय ऑपरेशन के लिए चिन्हांकित किया गया है। यह स्वास्थ्य शिविर जिला चिकित्सालय कवर्धा में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के अंतर्गत आयोजित हुआ। श्री वेंकटेश सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर की विशेषज्ञ टीम, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. निशांत चंदेल के नेतृत्व में, ने शिविर में अपनी सेवाएं दीं। बच्चों की इको-कार्डियोग्राफी जांच कर उनकी बीमारी की पहचान की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज ने बताया कि कबीरधाम जिले में चिरायु योजना के तहत अब तक 455 हृदय रोग से ग्रसित बच्चों का सफलता पूर्वक इलाज किया गया है। गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को चिन्हांकित कर, चयनित अस्पतालों में निःशुल्क उपचार के लिए भेजा जा रहा है।

# मंदिर में चोरी और तोड़फोड़ के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा प्रशासन को ज्ञापन

### आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



नगर पंचायत बोड़ला स्थित मंदिर में स्थापित मां काली की प्रतिमा की चोरी एवं भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग को खण्डित करने वाले आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद भी अभी तक पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी नहीं किए जाने के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा में नारेबाजी की और अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

स्थानीय जयस्तम्भ चौक में किए गए इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पुलिस बल के बीच झूमा झटकी भी देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि नगर पंचायत बोड़ला में सनातनियों के आस्था से जुड़े एक मंदिर से बीते करीब चार दिन पूर्व अज्ञात चोर द्वारा मंदिर में स्थापित मां काली की प्रतिमा की चोरी की गई है वहीं मंदिर में स्थापित शिव लिंग को क्षतिग्रस्त किया गया है।

जिसकी विधिवत सूचना स्थानीय लोगों द्वारा बोड़ला थाना में दी गई है। लेकिन घटना के करीब चार रोज बाद भी न तो पुलिस चोरी गई मूर्ति को खोज पाई है और न ही आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसे लेकर सनातन धर्मियों में खासी नाराजगी है। उन्होने आरोप लगाया कि भाजपा हिन्दू धर्म की बात तो करती है लेकिन तब जब उसे राजनैतिक रोटियां सेंकनी होती है।

# एसपी ने थाना सहसपुर लोहारा का किया आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह द्वारा बीते मंगलवार को थाना सहसपुर लोहारा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी व विवेचकों से 1 वर्ष से लंबित अपराधों और वर्तमान में गंभीर अपराधों के बारे में जानकारी प्राप्त की। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए और अपराधों के समाधान में तेजी लाने पर जोर दिया। इसके साथ ही, साइबर क्राइम से संबंधित मामलों में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने बीट सिस्टम को और मजबूत करने और पुलिस-जनता संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के निर्देश दिए। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक ने पुलिसिंग की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने की बात कही, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहतर बनी रहे। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस अधिकारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और जनता की सुरक्षा के लिए पूरी तत्परता से काम करने के लिए प्रेरित किया।

# कलेक्टर ने कोयलारीकापा के पंचायत सचिव को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत कोयलारीकापा के सचिव मालिकराम गोयल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। जारी आदेश में बताया गया है कि सचिव मालिक राम गोयल के विरूद्ध जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए राशि की मांग करने और अभद्र व्यवहार करने के कारण निलंबन के लिए प्रस्ताव प्रेषित किया गया हैं। इस प्रकार सचिव मालिकराम गोयल द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरती गई। यह कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 में निहित प्रावधानों के विपरित है एवं कदाचरण की श्रेणी में आता है। सचिव मालिकराम गोयल को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा नियम 1999 में निहित प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधी में गोयल का मुख्यालय जनपद पंचायत पंडरिया रहेगा तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। रिक्त ग्राम पंचायत कोयलारीकांपा, जनपद पंचायत पंडरिया का अतिरिक्त प्रभार जनपद पंचायत पंडरिया ग्राम पंचायत अंधियारखोर सचिव शेख फकरुद्दीन को आगामी आदेश तक सौंपा जाता है।

### ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी तक प्रधानमंत्री सड़क जर्जर

# फसल परिवहन करना किसानों के लिए बना सिरदर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



इन दिनो में किसान धान और गन्ना परिवहन के कार्य में व्यस्त हैं लेकिन किसानो की माने तो उन्हें क्षेत्र की खस्ताहाल और जर्जर सड़कों के चलते फसल परिवहन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव क्षेत्र के किसानो ने बताया कि ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी तक प्रधानमंत्री सड़क की हालत बेहद खराब होने के कारण उन्हें फसल परिवहन करने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है वहीं दुर्घटनाओं का भी भय बना हुआ है। किसानो ने बताया कि क्षेत्रवासियों के लिए बेहद उपयोगी यह मार्ग वर्षो से खस्ताहाल और जर्जर स्थिति में पड़ा हुआ है। मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो चुके हैं और मार्ग कई जगह से उखड़ चुकी है। जिसकी मरम्मत की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा वर्षो से की जा रही है। लेकिन शासन-प्रशासन, संबंधित विभाग एवं क्षेत्रवासियों ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया। जिसका खामियाजा हर साल की तरह इस साल भी अंचल के किसानो को फसल परिवहन करने के दौरान भुगतना पड़ा है। किसानो ने बताया कि मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण हमेशा फसल से भरी ट्रैक्टर ट्राली के पलटने का डर बना रहता है। इसके अलावा वाहनो को भी भारी नुकसान होता है। वहीं मार्ग की हालत खराब होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को भी आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों ने मार्ग मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# गौचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




ग्राम खपरी सहित जिले की शासकीय गौचर भूमि को बेजा कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग को लेकर ग्राम खपरी निवासी गौ सेवक तथा गौ रक्षक ग्रामीण चोराराम जायसवाल पिता गुहराराम जायसवाल ने बुधवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में स्थित जिला कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना दिया। अपनी इस मांग को लेकर अकेले ही धरना में बैठे श्री जायसवाल ने कहा कि आज जिस ढंग से पूरे देश, प्रदेश और कबीरधाम जिले में गौवंश की उपेक्षा की जा रही है और गौवंश के हक और अधिकारों को छीना जा रहा है उसे देख वे बहुत चिंतित हैं। उन्होने कहा कि कहने को तो हमारे ही राज्य में गौवंश की सुरक्षा और उसके संरक्षण के लिए गौ सेवा आयोग बनाया गया है। इसके अलावा कई नियम, कायदे और कानून तथा प्रावधान बनाए गए है। लेकिन बावजूद इसके आज गौ वंश की दयनीय स्थिति है। स्थिति ये है कि ग्रामीण अंचलो में गौ वंश के भरण पोषण के लिए चिन्हांकित की गई गौचर भूमि को भी अवैध कब्जाधारियों और अतिक्रमणकारियों ने अपने कब्जा ले लिया है और या तो उनमें खेती की जा रही है या फिर उसमें निज निर्माण कार्य कर लिए हैं। दुर्भाग्यजनक यह है कि इस बात की जानकारी शासन, प्रशासन, ग्राम पंचायत से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को होने के बाद भी वे इस गौचर भूमि को मुक्त कराने कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। यहीं वजह है कि आज शासन-प्रशासन का ध्यान इस और आकृष्ट करने के लिए एक दिवसीय धरना का आयोजन किया है। श्री जायसवाल ने कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं होती और गौचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जाता है तो वे आने वाले दिनो में अगला कदम उठाएंगे।

## सार समाचार



### कसारी सोसायटी में धान खरीदी बंद करने की तैयारी

**मुसरा।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कसारी में धान सोसायटी को जल्द बंद करने की तैयारी चल रही है। समिति प्रबंधक खम्मन साहू ने बताया की बफर लिमिट 7200 की है जिसमें 35200 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, किन्तु धान का उठाव अभी तक नहीं किया गया है। टीओ और डीओ भी नहीं काटा गया है ऐसे में हमारे पास धान के रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं है। बफर लिमिट से पांच गुना अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। जिसकी देखरेख करना बहुत कठिन है, ऐसे में धान खरीदी को बंद करना ही एक रास्ता बचा है, इसलिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर जल्द खरीदी बंद करने का निर्णय लिया है।

#### धान का उठाव नहीं

सोसायटी अध्यक्ष मेघनाथ वर्मा ने बताया की मौसम के अचानक परिवर्तन से धान सोसाइटी वाले की चिंता बढ़ गई। विकासखंड के सभी सोसाइटी में लबालब धान है ऐसे में मौसम के अचानक परिवर्तन से रखरखाव की चिंता बढ़ गई है। प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देते हुए धान के परिवहन में तेजी लानी होगी नहीं तो धान की खरीदी बंद करनी पड़ सकती है।

### शहर में निकाली एड्स जागरुकता रैली

**राजनांदगांव।** समता जन कल्याण समिति ने विश्व एड्स दिवस पर शहर में बाईक रैली का आयोजन किया। रैली में 35 बाइकर्स ने भाग लिया। विभिन्न स्लोगन एवं पोस्टर के साथ रैली निकाली गई। रैली को शिशुपाल खोब्रागढे ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कमला कॉलेज से शुरू होकर महामाया चौक, नंदई चौक, गंज चौक, जयस्तंभ चौक, भदौरिया चौक होते हुए कमला कॉलेज चौक पहुंचकर समाप्त हुई। यहां स्टाल लगाकर लोगों को पाम्पलेट बांटकर और रेड रिबन लगाकर जागरूक किया गया। रंगोली के माध्यम से नागरिकों को एचआईवी की जानकारी दी गई।

### आपदा प्रभावित को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत छुरिया तहसील में आग से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए की सहायता राशि आपदा प्रभावितों को स्वीकृत की है।

### आज से वार्डों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह अक्टूबर 2024 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 20 नवंबर 2024 से 10 दिसंबर 2024 तक सुबह 11.30 से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कल 5 दिसंबर को वार्ड नं. 20 के लिए पेंड्री स्कूल, वार्ड नं. 21 के लिए आंगनबाडी केन्द्र पेंड्री व वार्ड नं. 22 के लिए रेवाडीह स्कूल एवं 6 दिसंबर को वार्ड नं. 24 के लिए सिंधु भवन लालबाग, वार्ड नं. 25 के लिए पुत्री शाला व वार्ड नं. 26 के लिए सत्यनारायण धर्मशाला में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए भी शिविर आयोजित किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।



### दीप जलाकर दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** श्री शनिदेव धाम सेवा परिवार, महाकाल सेवा समिति, सनातन धर्म सेवा परिवार द्वारा बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के अत्याचार के विरोध में घोर निंदा करते बांग्लादेश में मारे गए हिंदू परिवारों को महाकाल चौक में दीपक जलाकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### दुकान के सामने रोड में कचरा डालने पर होगी कार्रवाई

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बीते दिनों रात के समय गोल बाजार क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई का जायजा लेकर सफाई



व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान होटल व पान सेंटर, दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठान के आसपास विशेष सफाई रखने, कचरा डोर-टू-डोर कचरा गाड़ी में डालने तथा दुकान का सामान सीमा अंदर में रखने समझाइस दी। आयुक्त विश्वकर्मा रात्रि में सफाई व्यवस्था देखने निकले और सर्व प्रथम गोलबाजार क्षेत्र, जूनीहटरी, फल मार्केट, गुड़ाखू लाईन में चल रहे रात्रिकालीन सफाई का जायजा लिया। जायजा लेकर संबंधित ठेकेदार को सफाई में और सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर का मध्य क्षेत्र होने के साथ-साथ व्यवसायिक क्षेत्र है, जिसे ध्यान में रखते सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। नागरिकों एवं व्यापारियों से किसी प्रकार की शिकायत का मौका न आए, ऐसा कार्य किया जाए।

#### प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने समझाइस

व्यापारियों एवं नागरिकों से भी साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, कचरा रात्रिकालीन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ी में डालने समझाईस दी। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार अपना सामान दुकान की सीमा में रखे, सीमा से बाहर रखने पर यातायात प्रभावित होती है। फल विक्रेता, ठेला खोमचा वालों से भी कहा कि वे कचरा दुकान के सामने रोड में न डाले अन्यथा अर्थदंड वसूलने की कार्रवाई की जाएगी।

#### कचरा फेंकने पर लगेगा जुर्माना

आयुक्त विश्वकर्मा ने मानव मंदिर चौक, गुरूद्वारा रोड, आम्बेडकर चौक, महामाया चौक एवं चौपाटी क्षेत्र में भी साफ-सफाई का जायजा लिया और दुकानदार, ठेला खोमचा वालों से कचरा इधर उधर न फेंकने, नाली में कचरा नहीं डालने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने तथा कचरा निगम के कचरा गाड़ी में ही डालने समझाईस दी। उन्होंने कहा कि गंदगी फैलाने अन्यत्र कचरा फेंकने पर जुर्माना लगाया जाएगा और जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## निधन



### मंजूदेवी अग्रवाल

**राजनांदगांव।** चरोदा भिलाई के प्रतिष्ठित अग्रवाल समाज के हरीश कुमार मोदी, शिव कुमार मोदी और राजनांदगाव के विधि डायग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेंटर के संचालक डॉ. अमित कुमार मोदी की माता श्रीमती मंजू देवी अग्रवाल पत्नी स्व. सुरेश कुमार मोदी का मंगलवार शाम को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा उनके भिलाई-चरोदा पदुम नगर स्थित निवास से 4 दिसंबर को दोपहर के समय मुक्तिधाम के लिए निकाली गई, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

---

### योजनाओं से जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की जरुरत

# प्रभारी सचिव ने की विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के प्रभारी सचिव अविनाश चंपावत ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कार्यों एवं उनके प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे।

प्रभारी सचिव ने कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर होना चाहिए और उनका लाभ संबंधित जनसामान्य को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में जल संरक्षण पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है, जहां पर भी जल संरक्षण के कार्य हो रहे हैं, वहां पर स्वसहायता समूहों द्वारा मत्स्य पालन की भी व्यवस्था की जानी चाहिए। जिससे लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने कहा कि जिले में किसानों द्वारा व्यापक तौर पर धान की खेती की जाती है और इसके लिए अधिक मात्रा में जल का उपयोग होता है। इससे भू-जल के स्तर में गिरावट आती है। इसके लिए कृषि विभाग और उसके मैदानी अमलों द्वारा कम जल में उत्पादित होने वाले फसलें जैसे चना, अरहर, रागी, बाजरा, मक्का, तिलहनी एवं लघु धान्य फसलों की खेती करने किसानों को प्रेरित करना चाहिए। इससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। श्री चंपावत ने कहा कि जहां भी जलाशयों से तालाबों को भरा जाता है, वहां नाली इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि पानी की पूर्ण उपयोगिता के साथ सिंचाई भी हो सके।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्य एवं योजनाओं के संबंध में प्रगति एवं इसके तहत कराए गए विशेष कार्यों अंतर्गत नरेगा जल संरक्षण एवं अन्य कार्यों का उल्लेख किया। इसके अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, मछली पालन, पशुधन, श्रम, खनिज, खाद्य, राजस्व, क्रेडा, विद्युत, व्यापार एवं उद्योग, समाज कल्याण, लोक निर्माण विभाग, आदिवासी विकास, योजना एवं सांख्यिकीय सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।




#### साइबर अपराध रोकने लोगों को किया जा रहा जागरूक

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने जिले में पुलिस विभाग के संबंधित कार्य के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के अलावा साईबर अपराध को रोकने लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए सतत रूप से अभियान चलाकर साईबर अपराध से बचने लोगों को जानकारी दी जा रही है। इसके लिए वालिंटियर्स भी बनाए गए हैं, जो लोगों को जागरूक कर रहे हैं। ध्वनि प्रदूषण रोकने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। जिले के प्रभारी सचिव अविनाश चंपावत द्वारा ली गई बैठक में सभी विभागों की गतिविधियों की बारी-बारी से समीक्षा की गई।

#### जल संरक्षण के कार्य कराए

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में गिरते भू-जल को देखते जल संरक्षण के लिए नरेगा सहित अन्य मदों से कार्य किया गया है। यहां धान की जगह अन्य कम जल उपयोगिता वाली विभिन्न फसलें लेने के लिए किसानों को प्रेरित भी किया जा रहा है। इसके अलावा जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि कुपोषण को दूर करने जिले में पोट्ठ लईका पहल की शुरूआत की गई है और इसमें सफलता भी मिल रही है। जिले के विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। उन्होंने अन्य विभागों के विशेष कार्यों का भी उल्लेख किया।

#### श्रमिकों को प्रशिक्षण से जोड़े

श्री चंपावत ने कहा कि श्रम विभाग संचालित योजनाओं के तहत श्रम अधिकारी अधिक से अधिक श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने पंजीयन के साथ प्रशिक्षण से भी जोड़े और उन्हें लाभ दिलाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षण देने और रोजगार से जोड़ने के निर्देश दिए।

---

### 7 से 24 मार्च तक टीबी मुक्त भारत अभियान

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन के तहत 2025 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य के तहत टीबी मुक्त भारत अभियान के संबंध में अंतर विभागीय बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने टीबी मुक्त भारत अभियान में जनभागीदारी के लिए कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन, स्वास्थ्यकर्मी, मितानिन को अपना योगदान देने और टीबी मुक्त जिला बनाने में बेहतर कार्य करने की अपील की है।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि 7 दिसंबर से 24 मार्च तक टीबी मुक्त भारत थीम पर जनभागीदारी से टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 7 दिसंबर को अभियान का शुभारंभ होगा एवं 8 दिसंबर को समुदाय के लोगों को निश्चय मित्र बनाने प्रेरित किया जाएगा। अभियान के तहत 23 से 31 दिसंबर तक जनप्रतिनिधि एवं जनसमुदाय के सहयोग से टीबी, मलेरिया, कुष्ठ के संबंध में जागरूक किया जाएगा। टीबी मुक्त भारत अभियान में जिले के सभी शासकीय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन भी अपनी सहभागिता निभाएंगे। संदीप ताम्रकार ने बताया की टीबी मुक्त भारत अभियान घर घर सर्वे किया जाएगा। जिसमें लोगों की स्क्रीनिंग निर्धारित प्रारूप में की जाएगी। अभियान के संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

---

## शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** यातायात नियमों की अवहेलना कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई अभियान छेड़ा है। जिसके तहत शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 4 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा शहर के रेवाडीह चौक एवं ट्रांसपोर्ट नगर चौक में शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 4 वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 185 मो.व्ही.एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान रोककर चेक करने से शराब सेवन करना प्रतीत होने पर ब्रीथ एनालाईजर मशीन से चेक करने पर शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने से मोटरयान अधिनियम की धारा 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया, जिसे माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। वाहन जब्त कर सुरक्षार्थ यातायात कार्यालय में रखा गया है। इसी प्रकार बिना कागजात के 26 वाहनों, नो-पार्किंग में 15 वाहन, प्रेशर हार्न में 9 वाहन, दुपहिया वाहन में तीन सवारी में 7 वाहन, दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट पर 5 एवं अन्य धाराओं में 11 वाहनों पर कार्रवाई कर कुल 73 वाहनों से 22900 रुपए जुर्माना वसूल किया गया।

## गांव में अतिक्रमण सहित अन्य मुद्दों को लेकर ग्रामीणों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर अर्जुनी क्षेत्र के ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर तीन अलग-अलग ज्ञापनों के माध्यम से अतिक्रमण, रेत खदान और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्राम समिति के अध्यक्ष हीरेंद्र कुमार, रामकुमार वैष्णव, राधेलाल, जीवराखन सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि अर्जुनी क्षेत्र के सिंगारपुर धरसा के पास 39 डिसमिल के टुकड़े में गांव के व्यक्ति और दो अन्य लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। कई बार ग्राम पंचायत में शिकायत करने पर भी कार्रवाई नहीं हुई है।



#### गुणवत्ता जांच की मांग

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा अर्जुनी क्षेत्र में मनमानीपूर्वक ढंग से कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि इन निर्माण कार्य के संबंध में ग्रामसभा को भी कोई जानकारी नहीं दी गई है। वहीं ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाया है। अपने ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग की कि यहां चल रहे समस्त निर्माण कार्य पर रोक लगाकर कार्य की गुणवत्ता जांच की जाए।

#### ऑनलाइन खदान नीलामी का विरोध

ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि अर्जुनी की रेत खदान शासन द्वारा ऑनलाइन नीलामी किए जाने की जानकारी मिली है। ग्राम पंचायत द्वारा शासन को इस संबंध में प्रस्ताव दिए जाने के पहले ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दिया गया है और न ही किसी प्रकार का सलाह-मशवरा किया गया है। उक्त रेत खदान क्षेत्र शमशान घाट से लगा हुआ है तथा कफन-दफन का कार्य किया जाता है। खदान को लीज पर दिए जाने पर व्यवधान उत्पन्न होगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि ऑनलाइन रेत विक्रय को रद्द किया जाए।

---

## धरपकड़ अभियान में निगम की टीम ने शहर में पकड़े 9 मवेशी

**राजनांदगांव।** पशु मालिकों की लापरवाही से मवेशी निगम सीमाक्षेत्र के चौक-चौराहों में घूमते एवं बैठे रहते हैं। जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओं के लिए भी घातक है, क्योंकि दुर्घटना से मवेशी घायल हो जाते हैं। कई मवेशियों की मृत्यु भी हो जाती है। दुर्घटना से बचाने नगर निगम द्वारा मवेशी धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को चौक-चौराहों में 9 घुमंतू एवं बैठे मवेशी पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस पहुंचाया गया।

मवेशियों को पकड़ने कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने उपायुक्त मोबिन अली के नेतृत्व में नगर निगम की टीम गठित की है। गठित टीम द्वारा मवेशी धरपकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस दी जा रही है। समझाईस उपरांत भी कुछ मवेशी मालिक अभी भी मवेशी खुला छोड़ देते हैं, उन पर अब अर्थदंड अधिरोपित कर मवेशी छोड़ने की कार्रवाई की जाती है। गत सप्ताह गोकुल नगर वासियों की भी बैठक लेकर मवेशी सड़क में नहीं छोड़ने समझाईस दी गई थी। बुधवार को जयस्तंभ चौक, गुरुद्वारा रोड व चौक, महावीर चौक, जीई रोड, राम दरबार के पास से 9 घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है एवं उन्हें छोड़ने पर 570-570 रुपए, संबंधित से अर्थदंड लेकर मवेशी छोड़ा जाएगा। आयुक्त विश्वकर्मा ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांधकर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घूमने पशुओं को खुला नहीं छोड़ने की अपील की है। अपालन की स्थिति में मवेशी मालिकों के ऊपर कार्रवाई करते अर्थदंड अधिरोपित किया जाएगा।



### मद्य निषेध दिवस 18 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाबा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर 2024 को मद्य निषेध दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों के सहयोग से मद्य निषेध दिवस पर मद्यपान के विरूद्ध जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### 6 को निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला 6 दिसंबर को दुर्गा चौक कलामंच मोहला में आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी व अध्यक्षता मोहला सरपंच सरस्वती ठाकुर करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत मोहला अध्यक्ष लम्नू चंद्रवंशी, जनपद पंचायत मोहला उपाध्यक्ष गमिता लोन्हारे, जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी, जनपद पंचायत सदस्य नम्रता सिंह, किरण डोंगरे, समाजसेवी खोरबाहराराम यादव, संजय जैन, वरिष्ठ पत्रकार योगेश खंडेलवाल उपस्थित रहेंगे।

### रमन ने तिवारी के निधन पर व्यक्त किया शोक

**राजनांदगांव।** जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह बीते दिनों अपने व्यवस्तम दौरे के बावजूद शहर के शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की। डॉ. सिंह मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के भूतपूर्व अध्यक्ष कन्हैयालाल तिवारी के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके निवास ठेठवारपारा पहुंचे तथा उन्हें शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार उल्लेखनीय है कि 2 दिसंबर को कन्हैयालाल तिवारी का निधन हुआ था। डॉ. रमन सिंह ने स्वर्गीय तिवारी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते कहा कि वे शिक्षा जगत के जाने-माने हस्ती थे। साथ ही वे कुशल संगठनकर्ता भी थे। उन्होंने मध्यप्रदेश व छग में शिक्षकों एक बड़ा संगठन भी खड़ा किया था। इस दौरान डॉ. सिंह के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, गौतम पारख उपस्थित थे।




आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे दुर्ग-भिलाई, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद और राजनांदगांव में कार्य हेतु 10 युवक/युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो।
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
Resume Whatsapp करें
7489534456, 8319268069
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

**खबर संक्षेप**

### सागौन डीह में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** नई शिक्षा नीति 2020 के तहत राष्ट्रीय स्तर पर बच्चो की शिक्षा का स्तर जांचने के लिए 4 दिसंबर को विकासखंड पंडरिया के शासकीय प्राथमिक शाला सागौन डीह में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें कुल दर्ज 20 में से 19 बच्चों ने परख परीक्षा में हिस्सा लिया। फाउंडेशनल स्टेज में पूर्व प्राथमिक से दूसरी तक का लर्निंग आउट कम के प्रश्न कक्षा 3 री के विद्यार्थियो को हिंदी, गणित व पर्यावरण विषय के बारे मे पूछे गए थे। जिसका उत्तर सभी विद्यार्थियो ने एमआर शीट में दिए। इसी कड़ी में विद्यालय के संस्था प्रमुख एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं द्वारा विद्यालय प्रश्नावली की जानकारी दिए गए। यह प्रश्नावली अध्यापक की पृष्ठभूमि के बारे मे जानकारी एकत्रित करने के लिए हैं। स्कूली विद्यार्थियों का ज्ञान व शैक्षिक स्तर परखने के लिए यह सर्वेक्षण आयोजित किया गया। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 का उद्देश्य स्कूली शिक्षा के विभिन्न स्तर पर विद्यार्थियों की दक्षता का विश्लेषण करते हुए उन क्षेत्रों का चयन करना है, जिनमें भविष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परिवर्तन किया जा सके। इस निरीक्षण के दौरान संकुल प्राचार्य संतोष कुमार साहू, शैक्षिक समन्वयक शत्रुहन प्रसाद डड़सेना, प्रधान पाठक रमेश कुमार बंजारा, पलटन राम पटेल, शंख कुमार साहू, पर्यवेक्षक शिक्षक दुखहरण सारथी, रघुनाथ जायसवाल, मधुर पाटले, शिक्षिका सखीना गोटेडाइट व एफआई डिकेश्वर मेरावी उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य परीक्षण के साथ न्योता भोज आयोजित

**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला गोपाल भवना में चिरायु स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों का परीक्षण कराया साथ ही साथ स्कूल के शिक्षक सुरेश ध्रुवे के जन्म दिवस पर न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को दाल चांवल, सब्जी, पापड़, जलेबी, केला परोसा गया। इस दौरान बड.ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

**// आम सूचना //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कवर्धा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. एवं तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 415 कुल रकबा 1.343 हे. मे से खसरा नंबर 415/1 रकबा 0.2690 हें., खसरा नंबर 415/2 रकबा 0.2690 हे., खसरा नंबर 415/3 रकबा 0.2690 खसरा नंबर 415/4 रकबा 0.2680 हे. खसरा नंबर 415/5 रकबा 0.2680 हेक्टेयर के संबंध में एवं सिविल वाद सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग. के समक्ष लंबित है जिसमें से खसरा नंबर 415/8 सीटू वाधवा, 415/7 राजा तिवारी, 415/6 भुपेश देसाई, रकबा 0.154 हे., 0.154 हें. 0.154 हे. को इंद्राणी कुमारी एवं नंदनी अवैधानिक रूप से विक्रय किया है को लेकर जिसके पक्षकारगण आशीष सिंह वादी तथा प्रतिवादीगण इंद्राणी बाई, कुमारी बाई, नंदनी पिसरान स्व. दादू सिंह तथा मोतिमबाई बेवा सागर सिंह, दुर्गा राजपूत, भावेन्द्र सिंह आ. स्व. सागर सिंह, राजेन्द्र सिंह आ. दादू सिंह तथा भुपेश देसाई, सीटू वाधवा, राजा तिवारी निवासी कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग. है।

उल्लेखित भूमि के संबंध में स्वतव को लेकर सिविल वाद लंबित है, सिविल वाद के लंबनकाल में यदि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि का क्रय करता है तो वह सदभाविक क्रेता की श्रेणी मे नही माना जाएगा।

भवदीय
एनआर साहू अधिवक्ता, कवर्धा

## कवर्धा में महिला स्वावलंबन को बढ़ावा, महिलाओं ने जताया विजय शर्मा का आभार

# डिप्टी सीएम ने 96 महिला हितग्राहियों को सिलाई मशीन वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ सरकार महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में कवर्धा में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में 96 महिला हितग्राहियों को सिलाई मशीन वितरित की गई। यह पहल महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम में पुष्पा पटेल, बबली पटेल, रेखा मानिकपुरी, लक्ष्मी पाण्डेय, शैल राजपूत, संगीता ठाकुर, उतरा बंजारे, रानू यादव, निर्मला विश्वकर्मा, शानू जोशी, मारिया बेगम, शकुंतला ध्रुर्वे, परघनीय राजपूत, दैन्ती पटेल, सतरूपा ध्रुवे सहित 96 महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की गई। ये महिलाएं अब इस नई सुविधा का उपयोग कर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महिलाओं से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव की सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सिलाई मशीन वितरण केवल एक साधन नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में पहला कदम है। हमारा मानना है कि महिलाएं किसी भी समाज की रीढ़ होती हैं। जब महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी, तो उनका परिवार, उनका समाज और पूरा राज्य सशक्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना केवल आर्थिक सहायता देना नहीं है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें उनके कौशल के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास है। यह सिलाई मशीन न केवल रोजगार का जरिया बनेगी, बल्कि यह उन महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी होगी, जो अपने परिवार और समाज के लिए योगदान देना चाहती हैं। रेखा मानिकपुरी ने कहा कि मेरे पास हमेशा से सिलाई-कढ़ाई का हुनर था, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण इसे शुरू नहीं कर पाई। अब इस मशीन की मदद से मैं अपने परिवार की आर्थिक मदद कर सकूंगी।

संगीता ठाकुर ने कहा कि यह मशीन मेरे लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है। इससे मुझे न केवल स्वरोजगार मिलेगा, बल्कि मैं अपने बच्चों की शिक्षा के लिए भी बेहतर सहयोग कर पाऊंगी। वहीं उतरा बंजारे ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि सिलाई मशीन मिलने से अब मुझे गांव में रोजगार का मौका मिलेगा। मैं अपने काम से अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करूंगी। शैल राजपूत बताती है कि यह मशीन मेरे जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी। अब मैं दूसरों के कपड़े सिलकर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकती हूं।।



**महिलाओं को मिलेगा प्रशिक्षण**

सिलाई मशीन वितरण के साथ-साथ महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में उन्हें आधुनिक सिलाई तकनीकों और डिजाइनिंग की जानकारी दी जाएगी, ताकि वे अपने कार्य को अधिक पेशेवर तरीके से कर सकें।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में नई शुरुआत**

कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भी हिस्सा लिया। सभी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि उन्हें समाज में एक सशक्त भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करेगी। महिलाओं ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि यह सिलाई मशीन उनके जीवन को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# ग्लेजी यूनिट की जमीन पर कब्जा की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव



ग्रामोद्योग विभाग के माध्यम से निर्माणाधीन ग्लेजी यूनिट की जमीन पर अतिक्रमण होना आखिरकार राजस्व विभाग ने स्वीकार कर लिया है हालांकि अभी हटाने की कार्रवाई होना शेष है। आरआई ने पटवारी को अतिक्रमण का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा है।

उल्लेखनीय है कि करियाटोला स्थित खसरा नं. 168/2 का रकबा 0.282 को ग्रामोद्योग विभाग को ग्लेजी यूनिट निर्माण के लिए आबंटित किया गया है। इस जमीन के कुछ हिस्से में अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है। इस अतिक्रमण के खिलाफ कुंभकार समाज के लोगों ने गत दिनों एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। मंगलवार को आरआई और पटवारी ने मौके पर पहुंच कर जमीन का नाप किया। नाप के दौरान पूर्व के किए गए नाप को पीछे हटाते हुए अतिक्रमण को बचाने की कोशिश किया जा रहा था, किन्तु लोगों द्वारा नाप को नकारने के बाद राजस्व विभाग को स्वीकार करना पड़ा कि ग्लेजी यूनिट की जमीन पर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है।

## मौसम में उथल-पुथल से ग्रामीण किसान चिंतित



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर सहित क्षेत्रों में मौसम में उथल पुथल व उतार चढ़ाव से किसानों की दिक्कते और बढ़ गई है। ग्रामीण किसानों ने बताया कि खेतों में अरहर की फसल लहलहा रही है वहीं वर्तमान में अरहर की फसल में फूल निकल आए हैं और फल में कीट प्रकोप की अब लक्षण दिखाई देने से ग्रामीण किसान चिंतित व परेशान है। ग्राम बरबसपुर निवासी किसान बद्री चंद्रवंशी ने बताया की मौसम की ऐसी स्थिति दो-चार दिन होने पर अरहर की फसल पर गहरा प्रभाव व अरहर की फल व फुल में भारी असर पड़ेगा, वहीं वर्तमान में मौसम में बदलाव के कारण अरहर की फसलों पर ग्रामीण किसानों को भारी नुकसान दिखाई दे रहे हैं क्योंकि मौसम में उथल पुथल से अरहर की फसल में किसानों को हानि उठाना पड़ सकते हैं।

# कुण्डा महाविद्यालय में एड्स दिवस पर मानव श्रृंखला बनाकर किया जन जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा में मंगलवार को एड्स जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों की उपस्थिति में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई।

इस जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिस पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक दीपक देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि एड्स एक लाईलाज और जानलेवा बीमारी है, अभी भी इनका कोई वैक्सीन नहीं बना है। लेकिन समाज में व्याप्त भ्रांतियो को दूर करके लोगों को जन जागरूक करके एड्स को नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष पुरषोत्तम निर्मलकर ने एड्स की जन जागरूकता में छात्र छात्राओं की भूमिका के बारे में बताया।

इस कार्यक्रम में जन भागीदारी अध्यक्ष पुरुषोत्तम निर्मलकर, दीपक देवांगन, केशव जायसवाल, गुरुज्ञानी सोनवानी, धरम दिवाकर, झगर कुमार साहू, डॉ अंकेश तिवारी ,आकांक्षा श्रीवास, पूर्णिमा साहू, नंदिनी साहू, दिव्या भारती, गुलाब घृतलहरे, रामचंद्र कुंभकार, सौरभ धवलकर, अंजू रजक उपस्थित थें, कार्यक्रम का सफल संचालन अतिथि व्याख्याता सुश्री पूर्णिमा साहू ने किया।

# विनायक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक बाल क्रीड़ा उत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर के प्रतिष्ठित विनायक पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल रामनगर-शंकरनगर कवर्धा में दो दिवसीय वार्षिक बाल क्रीड़ा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी वार्षिक बाल क्रीड़ा खेल उत्सव का आयोजन के प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए स्कूल के निदेशक डॉ नारायण साहू के द्वारा सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया। खेल उत्सव के उद्घाटन सत्र में सभी बच्चे स्कूल प्रांगण में क्रमबद्ध रूप से व्यवस्थित रहे और सभी के समक्ष मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर किया गया।



खेल महोत्सव कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपादित करने हेतु मार्गदर्शन देते हुए और सभी बच्चों से अपील करते हुए इस वार्षिक खेल महोत्सव को बहुत ही अच्छा खेल भावना के साथ खेल कर सौहार्द पूर्ण, आनंदमय वातावरण बनाकर एक अच्छे खिलाड़ी बनकर अपने अंदर की कला को प्रदर्शित करने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन किया गया। खेल भावना के माध्यम से नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, मेमोरी पॉवर व शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक क्षमता के साथ-साथ शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल का जीवन में बहुत बड़ा महत्वपूर्ण योगदान होता है। वहीं प्रथम दिवसीय प्री प्राइमरी व प्राइमरी के विद्यार्थियों के अनुसार विभिन्न प्रकार की खेल का समावेश करते हुए मुख्य खेल जैसे सिम्पल रेस, बैलून रेस, बिस्किट रेस, जलेबी रेस, चेयर रेस, फ्रॉगरेस इत्यादि नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा खेल का प्रदर्शन किया गया एवं द्वितीय दिवसीय में बच्चों द्वारा शिवनाथ, अरपा, महानदी एवं इंद्रावती हाउस टीम व सुभाष चन्द्र बोस, भगतसिंह, लायन क्लब एवं टाइगर इलेवन टीमों के बीच विभिन्न प्रकार के खेलों का स्कूल स्तर पर समायोजन कर उत्साह पूर्वक खेल भावना को ध्यान में रखते हुए सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेलकूद एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता में भी हमारे स्कूल के बड़े बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खेल के विभिन्न क्षेत्रों में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने तथा अपने माता-पिता एवं स्कूल का नाम रौशन किया और जिला स्तर पर उनको खेलने का मौका मिला।

खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला कबीरधाम द्वारा पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल कवर्धा में सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया। वहीं स्कूल स्तर पर प्रत्येक खेलों में विजेता और उपविजेता एवं सांत्वना पुरस्कार सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल के निदेशक व संस्था प्रमुख द्वारा सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर के उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया।

## पेंड्रीकला में छत्तीसगढ़ मरार पटेल समाज की हुई बैठक

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया परिक्षेत्र के ग्राम समिति पड़की-डोमसरा अंतर्गत पेंड्री कला में छत्तीसगढ़ मरार पटेल समाज का बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र पटेल द्वारा किया गया, छत्तीसगढ़ मरार पटेल समाज द्वारा विशेष रूप से चार बिंदुओं पर परिचर्चा किया गया जिसमें सामाजिक चर्चा, शैक्षणिक व आर्थिक स्थिति सुधार, नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव, युवक-युवती परिचय सम्मेलन तथा युवक-युवती का पुस्तक विवेचन किया गया और इस प्रदेश स्तर का बैठक में नव राज के अध्यक्ष शामिल हुए थे। साथ ही साथ सामाजिक के सभी पदाधिकारियों द्वारा महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के लिए बहुत अच्छा विचार रखा। इस प्रदेश स्तर का बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल, अनीलचंद पटेल, प्रेमसागर पटेल, भागचंद पटेल, उत्तम पटेल, शोभाराम पटेल, कृपा सिंधु पटेल, मुन्नालाल पटेल, दिलहरण पटेल, रामकुमार पटेल, देवचरण पटेल, दुर्गा प्रसाद पटेल, कुंदेललाल पटेल, भूपेंद्र पटेल, शिवकुमार पटेल, मोतीलाल पटेल, परमानंद पटेल, सनत पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, जीवन पटेल, प्रमोद पटेल व प्रेमलाल पटेल तथा हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति के संस्थापक एवं संयोजक समाजसेवी राजेंद्र पटेल एवं सामाजिक कार्यकर्ता व महिलाशक्ति उपस्थित थे।




# विजय शर्मा के प्रयास से पंचायत कर्मचारियों को मिली बड़ी सौगात

- सीएम पंचायत सशक्तिकरण योजना के कर्मचारियों की लंबित मांग पूरी 1.76 करोड़ रुपए का आबंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तिकरण योजना के कर्मचारियों की दीर्घकालिक मांग पूरी हो गई है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तिकरण योजना के तहत राज्य के विभिन्न जिलों और जनपद पंचायत संसाधन केंद्रों में कार्यरत संकाय सदस्य, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं चतुर्थ श्रेणी के कुल 330 कर्मचारियों के लंबित संविदा मानदेय वृद्धि की मांग को पूरा करने के लिए 1.76 करोड़ रुपए का आबंटन जारी किया।

बुधवार को मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तिकरण अभियान योजना के कर्मचारियों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य भेंट कर उनके प्रति अपनी गहरी आभार व्यक्त किया। उपमुख्यमंत्री ने सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के क्षमता विकास के लिए निरंतर अपना योगदान देने के लिए संकल्पित रहें। उन्होंने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में राज्य सरकार हर स्तर पर कर्मचारियों की भलाई के लिए काम करती रहेगी।

उन्होंने यह स्पष्ट किया कि राज्य की विकास यात्रा में कर्मचारियों का योगदान एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिए गए इस वित्तीय समर्थन के जरिए कर्मचारियों के मनोबल को और बढ़ावा मिलेगा, जिससे पंचायतों में विकास कार्यों की गति और प्रभावशीलता दोनों में वृद्धि होगी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा द्वारा यह कदम कर्मचारियों के लंबे समय से की जा रही मांग को देखते हुए उठाया गया, जिससे उन्हें बड़ी सौगात मिली है। इसके परिणामस्वरूप कर्मचारियों की खुशी दोगुनी हो गई है।

## जिले के पदाधिकारियों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की

# सीनियर बॉल बैडमिंटन में जिले की बालिका का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

24वीं छत्तीसगढ़ सीनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2024-25 बालिका वर्ग का आयोजन 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक जिला दुर्ग के भिलाई सेक्टर 4 बॉल बैडमिंटन मैदान में आयोजित किया गया, इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से बालिका वर्ग में 20 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें कबीरधाम की बालिका टीम ने अपने सभी लीग मैच में जीत हासिल करते हुए शानदार प्रदर्शन के साथ क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया और रायपुर के साथ मैच खेला जिसमे स्कोर 35-19, 35-11 के साथ लगातार 2 सेट से मैच में जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया वहीं महासमुंद विरुद्ध कबीरधाम के मध्य खेला गया, जिसमें कबीरधाम ने 35-29, 35-22 से विजय हासिल कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला भिलाई स्टील प्लांट विरुद्ध कबीरधाम के मध्य खेला गया, इस फाइनल मैच में कबीरधाम ने 35-27, 35-21 से विजय हासिल की और सीनियर वर्ग में स्टेट चैम्पियन रही। जिसमें बालिका टीम के चयनित सदस्य (कप्तान) क्षमानिधि जांगड़े, मीरा साहू, प्रतीक्षा भलावी, रिया तिवारी, लता साहू, आस्था ध्रुर्वे, खुशी दुबे, रोशनी ठाकुर, तृप्ति सिंह व प्रीति तिवारी शामिल थे। वहीं कोच अविनाश चौहान ने बताया कि उक्त प्रतियोगीता में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया जाएगा। यह चयनित खिलाड़ी महाराष्ट्र के मुम्बई में 25 दिसंबर से होने वाले राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधत्व करेंगे। जिस पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल और राष्ट्रीय स्तर चयन पर पूर्व जिला वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही साथ जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक महेन्द्र गुप्ता बॉल बैडमिंटन संघ अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल एम शारदा, प्रबंधक रामकृष्ण स्कूल आदित्य चंद्रवंशी, पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी एचडी कुरैशी, पूर्व सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी महोबिया, पीटीआई दिनेश साहू, ग्राउंड ग्रुप कवर्धा, जितेन्द्र वैष्णव, सौरभ सिंह कोच एवं सचिव अविनाश चौहान, जय किशन चौहान, राजा जोशी, रामू सिंह, तिजेश्वरी मेरावी, सुमित निषाद, अनिल चंद्रवंशी ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी।



Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का संकल्प

**कवर्धा।** कलेक्टर के निर्देशन और आनंद तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत बेंदरची की सक्रिय महिलाओं को बाल विवाह के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मिशन वात्सल्य की टीम ने बाल विवाह पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया।

# कवर्धा आतंक व भय से मुक्त, उपमुख्यमंत्री विजय ने विकास व सुरक्षा का दिया आश्वासन

- जनादेश दिवस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जनादेश दिवस के अवसर पर गत 3 दिसम्बर को भगवान परशुराम चौक पर भारत माता और भगवा झंडे की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान जय जय श्री राम के उद्घोष से पूरा माहौल गूंज उठा। कवर्धा के नागरिकों ने उपमुख्यमंत्री का भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया, जो उनके जनप्रियता का प्रतीक है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अब कवर्धा भय और आतंक से मुक्त हो गया है। उन्होंने बताया कि यहां की जनता आतंक और असुरक्षा के माहौल में जी रही थी। आपके आशीर्वाद से एक नई शुरुआत हुई और आपने मुझे विधायक बनाया।

आज सिर्फ विधायक ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का नेतृत्व करने के लिए उपमुख्यमंत्री का दायित्व भी दिया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आगे कहा कि आज का दिन हमारे लिए गर्व का दिन है, जब हमने एक नए युग की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि आप सभी के समर्थन और विश्वास से ही यह संभव हो सका है कि कवर्धा को एक नई दिशा मिल रही है। अब यहां हर नागरिक को सुरक्षित महसूस होता है और विकास की नई राहें खुल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में हर व्यक्ति को न्याय, सुरक्षा और समृद्धि मिले। हमने जिस परिवर्तन की शुरुआत की है, वह केवल कवर्धा तक सीमित नहीं रहेगा। पूरे प्रदेश में एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार होगा। उपमुख्यमंत्री ने अंत में यह भी कहा कि वे हमेशा जनता की सेवा में तत्पर रहेंगे और राज्य के हर कोने में विकास की गंगा बहाने के लिए काम करेंगे।

### मेरे भारत का बच्चा बच्चा गाने में झूमे लोग



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कार्यक्रम में मेरे भारत का बच्चा बच्चा गाने की धुन ने पूरा माहौल मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही यह गाना बजा, पूरे समारोह में मौजूद लोग झूम उठे और देशभक्ति के जज़्बे से भर गए। इस गाने ने कवर्धा की जनता में गर्व और उत्साह का संचार किया, जो कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा गया। कवर्धा के नागरिकों का उत्साह और समर्थन दर्शाता है कि उनके दिलों में अपनी संस्कृति, परंपरा और देश के प्रति प्यार किस हद तक गहरा है। यह दिन न केवल जनादेश का बल्कि एक नई शुरुआत का भी था, जिसमें सभी ने मिलकर राष्ट्रीयता और एकता के भाव को और मजबूत किया।

**कार्रवाई :** पहले दिन जिला भाजपा अध्यक्ष सहित कई की हटाई गई दुकान व मकान

# ठाकुर देव चौक से हाईटेक बस स्टैण्ड तक सड़क चौड़ीकरण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा शहर के ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैण्ड को जोड़ने के लिए वार्ड क्रमांक 25 व 26 से होकर गुजरने वाले गोठिया मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का श्री गणेश बुधवार से कर दिया गया है। शासन द्वारा स्वीकृत इस सड़क मार्ग के चौड़ीकरण के लिए प्रशासन की गठित टीम द्वारा नापजोख करने के बाद बुधवार को बकायदा जेसीबी मशीन के सहारे सड़क चौड़ीकरण के लिए मार्ग के दोनों निर्धारित दायरे में आने वाले मकान व दुकानों सहित अन्य निर्माण कार्यो का हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह से ही प्रशासन एवं नगरपालिका की टीम तमाम साजो सामान के साथ मौके पर पहुंच गई थी और उसने अपनी कार्यवाही शुरू कर दी। गौरतलब है कि सड़क चौड़ीकरण के लिए किए गए नाप-जोख और सर्वे में पूर्व विधायक व जिला भाजपाध्यक्ष अशोक साहू का मकान व दुकान भी आया है। जिसको उन्होने स्वयं से हटाकर सड़क चौड़ीकरण कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान किया। उन्होनें बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप कार्य किया जायेगा। जिसमें हम सभी की भागीदारी आवश्यक है। बुधवार की सुबह से चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान पूर्व विधायक अशोक साहू, नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक, वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद सुनील साहू उपस्थित उपस्थित रहे और उन्होने कार्य निरीक्षण भी किया।

### 11 करोड़ रूपए की राशि से बनेगी सड़क



प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 25/26 ठाकुरदेव चौक घोठिया रोड से लेकर जुनवानी मार्ग होते हुए नया हाईटेक बस स्टैण्ड तक नवीन सड़क निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयास से 11 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। वार्डवासियों के द्वारा इस सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर खुशी जाहिर की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि रायपुर मार्ग घोठिया रोड से लेकर जुनवानी मार्ग होते हुए चल रहे सड़क निर्माण कार्य के दायरे में आने वाले सभी निर्माण कार्यो को तोड़कर चौड़ीकरण किया जा रहा है ताकि यातायात व्यवस्था सुगम हो सके। उन्होनें बताया कि ठाकुर देव समिति द्वारा 2 दुकान एवं 12 फिट ऊंचाई की बाउण्ड्रीवाल को तोड़कर सहयोग प्रदान किया गया है एवं पूर्व विधायक अशोक साहू ने अपनी 3 दुकान को हटाया

### पहले ही किया जा चुका है नाप जोक

जिला प्रशासन के निर्देश पर नजूल विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग के संयुक्त टीम ने अपनी कार्यवाही करते हुए सड़क निर्माण की कार्यवाही की जा रही है। टीम ने सड़क के बीच से मार्किंग कार्य पहले ही किया जा चुका है। ऐसे में सड़क के दोनों ओर निर्धारित दायरे में आने वाले घर और दुकान हटाया जा रहा है। इस कार्य में वार्डवासियों द्वारा भी अपना सहयोग दिया जा रहा है।

# कवर्धा शहर को मिली एक और बड़ी सौगात, बनेगा गौरव पथ

## उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से मिली 10 करोड़ से अधिक की स्वीकृति

- नगरवासियों को मिलेगी बेहतर आवागमन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद लगातार कवर्धा क्षेत्र में विकास की गाड़ी तेज रफ्तार से दौड़ने लगी है। जहां करोड़ो रूपए के विकास कार्य शहर में निर्माणाधीन है। इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयास से कवर्धा को एक और बड़ी सौगात मिली है। वार्डवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए प्रयासरत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व नगरपालिका परिषद की मेहनत धरातल पर सफल होते दिखाई देने लगा है। इस प्रयास के चलते नगरी प्रशासन विभाग ने नगर पालिका परिषद के प्रस्ताव पर मुहर लगाते हुए नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत लोहारा बायपास रोड से नवीन बाजार तक गौरव पथ निर्माण कार्य हेतु अधोसंरचना मद से 10 करोड़ 78 लाख 88 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। उक्त मार्ग निर्माण से कवर्धा शहर को घोठिया रोड चौडीकरण के साथ एक और नए चौड़ी सड़क की सौगात मिलने जा रहा है। यह रोड शहर के यातायात व्यवस्था के लिए मिल का पत्थर साबित होगा साथ ही नगर विकास में इसकी बड़ी भूमिका होगी। लगातार विकसित हो रहे कवर्धा के लिए इसे बड़ी उपलब्धी के रूप में देखा जा रहा है। गौरव पथ निर्माण हेतु स्वीकृति से शहरवासियों में उत्साह है। क्षेत्रवासियों स्थानीय विधायक को सडक स्वीकृति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। भारतीय जनता पार्टी के शहर मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने इस बड़ी सौगात के लिए नगरवसियों की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं सांसद संतोष पाण्डेय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होने कहा कि विगत एक वर्ष में स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन में मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया है। कवर्धा शहर को लम्बे समय से जिन बड़े विकास कार्यो की आवश्यकता थी उनमें बहुत से कार्य विजय शर्मा के प्रयास से धरातल में मूर्त रूप लेने लगे है। इसी कड़ी में कवर्धा लोहारा रोड बायपास से नवीन बाजार तक गौरव पथ का निर्माण शहर विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होने कहा कि लम्बे समय से पिलारी नहर रोड में रहने वाले रहवासी इस सडक की प्रतीक्षा कर रहे है आने वाले समय में यह गौरव पथ शहर का एक और मुख्य मार्ग के रूप में विकसित होगा। उन्होंने राशि स्वीकृति के लिए नगरी प्रशासन मंत्री अरुण साव का भी आभार व्यक्त किया है।



# चिरायु योजना के तहत जिले में 55 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय निर्देश पर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए चिरायु योजना के तहत एक बड़ा कदम उठाया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आज जिला अस्पताल में आयोजित विशेष शिविर में 55 संभावित हृदय रोग से ग्रसित बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें से 28 बच्चों को हृदय ऑपरेशन के लिए चिन्हांकित किया गया है। यह स्वास्थ्य शिविर जिला चिकित्सालय कवर्धा में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के अंतर्गत आयोजित हुआ। श्री वेंकटेश सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर की विशेषज्ञ टीम, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. निशांत चंदेल के नेतृत्व में, ने शिविर में अपनी सेवाएं दीं। बच्चों की इको-कार्डियोग्राफी जांच कर उनकी बीमारी की पहचान की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज ने बताया कि कबीरधाम जिले में चिरायु योजना के तहत अब तक 455 हृदय रोग से ग्रसित बच्चों का सफलता पूर्वक इलाज किया गया है। गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को चिन्हांकित कर, चयनित अस्पतालों में निःशुल्क उपचार के लिए भेजा जा रहा है।

# मंदिर में चोरी और तोड़फोड़ के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा प्रशासन को ज्ञापन

## आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर पंचायत बोड़ला स्थित मंदिर में स्थापित मां काली की प्रतिमा की चोरी एवं भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग को खण्डित करने वाले आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद भी अभी तक पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी नहीं किए जाने के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा में नारेबाजी की और अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

स्थानीय जयस्तम्भ चौक में किए गए इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पुलिस बल के बीच झूमा झटकी भी देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि नगर पंचायत बोड़ला में सनातनियों के आस्था से जुड़े एक मंदिर से बीते करीब चार दिन पूर्व अज्ञात चोर द्वारा मंदिर में स्थापित मां काली की प्रतिमा की चोरी की गई है वहीं मंदिर में स्थापित शिव लिंग को क्षतिग्रस्त किया गया है।

जिसकी विधिवत सूचना स्थानीय लोगों द्वारा बोड़ला थाना में दी गई है। लेकिन घटना के करीब चार रोज बाद भी न तो पुलिस चोरी गई मूर्ति को खोज पाई है और न ही आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसे लेकर सनातन धर्मियों में खासी नाराजगी है। उन्होने आरोप लगाया कि भाजपा हिन्दू धर्म की बात तो करती है लेकिन तब जब उसे राजनैतिक रोटियां सेंकनी होती है।

# एसपी ने थाना सहसपुर लोहारा का किया आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह द्वारा बीते मंगलवार को थाना सहसपुर लोहारा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी व विवेचकों से 1 वर्ष से लंबित अपराधों और वर्तमान में गंभीर अपराधों के बारे में जानकारी प्राप्त की। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए और अपराधों के समाधान में तेजी लाने पर जोर दिया। इसके साथ ही, साइबर क्राइम से संबंधित मामलों में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने बीट सिस्टम को और मजबूत करने और पुलिस-जनता संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के निर्देश दिए। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक ने पुलिसिंग की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने की बात कही, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहतर बनी रहे। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस अधिकारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और जनता की सुरक्षा के लिए पूरी तत्परता से काम करने के लिए प्रेरित किया।

# कलेक्टर ने कोयलारीकापा के पंचायत सचिव को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत कोयलारीकापा के सचिव मालिकराम गोयल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। जारी आदेश में बताया गया है कि सचिव मालिक राम गोयल के विरूद्ध जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए राशि की मांग करने और अभद्र व्यवहार करने के कारण निलंबन के लिए प्रस्ताव प्रेषित किया गया हैं। इस प्रकार सचिव मालिकराम गोयल द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरती गई। यह कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 में निहित प्रावधानों के विपरित है एवं कदाचरण की श्रेणी में आता है। सचिव मालिकराम गोयल को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा नियम 1999 में निहित प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधी में गोयल का मुख्यालय जनपद पंचायत पंडरिया रहेगा तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। रिक्त ग्राम पंचायत कोयलारीकांपा, जनपद पंचायत पंडरिया का अतिरिक्त प्रभार जनपद पंचायत पंडरिया ग्राम पंचायत अंधियारखोर सचिव शेख फकरुद्दीन को आगामी आदेश तक सौंपा जाता है।

**ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी तक प्रधानमंत्री सड़क जर्जर**

# फसल परिवहन करना किसानों के लिए बना सिरदर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



इन दिनो में किसान धान और गन्ना परिवहन के कार्य में व्यस्त हैं लेकिन किसानो की माने तो उन्हें क्षेत्र की खस्ताहाल और जर्जर सड़कों के चलते फसल परिवहन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव क्षेत्र के किसानो ने बताया कि ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी तक प्रधानमंत्री सड़क की हालत बेहद खराब होने के कारण उन्हें फसल परिवहन करने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है वहीं दुर्घटनाओं का भी भय बना हुआ है। किसानो ने बताया कि क्षेत्रवासियों के लिए बेहद उपयोगी यह मार्ग वर्षो से खस्ताहाल और जर्जर स्थिति में पड़ा हुआ है। मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो चुके हैं और मार्ग कई जगह से उखड़ चुकी है। जिसकी मरम्मत की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा वर्षो से की जा रही है। लेकिन शासन-प्रशासन, संबंधित विभाग एवं क्षेत्रवासियों ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया। जिसका खामियाजा हर साल की तरह इस साल भी अंचल के किसानो को फसल परिवहन करने के दौरान भुगतना पड़ा है। किसानो ने बताया कि मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण हमेशा फसल से भरी ट्रैक्टर ट्राली के पलटने का डर बना रहता है। इसके अलावा वाहनो को भी भारी नुकसान होता है। वहीं मार्ग की हालत खराब होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को भी आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों ने मार्ग मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# गौचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




ग्राम खपरी सहित जिले की शासकीय गौचर भूमि को बेजा कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग को लेकर ग्राम खपरी निवासी गौ सेवक तथा गौ रक्षक ग्रामीण चोराराम जायसवाल पिता गुहराराम जायसवाल ने बुधवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में स्थित जिला कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना दिया। अपनी इस मांग को लेकर अकेले ही धरना में बैठे श्री जायसवाल ने कहा कि आज जिस ढंग से पूरे देश, प्रदेश और कबीरधाम जिले में गौवंश की उपेक्षा की जा रही है और गौवंश के हक और अधिकारों को छीना जा रहा है उसे देख वे बहुत चिंतित हैं। उन्होने कहा कि कहने को तो हमारे ही राज्य में गौवंश की सुरक्षा और उसके संरक्षण के लिए गौ सेवा आयोग बनाया गया है। इसके अलावा कई नियम, कायदे और कानून तथा प्रावधान बनाए गए है। लेकिन बावजूद इसके आज गौ वंश की दयनीय स्थिति है। स्थिति ये है कि ग्रामीण अंचलो में गौ वंश के भरण पोषण के लिए चिन्हांकित की गई गौचर भूमि को भी अवैध कब्जाधारियों और अतिक्रमणकारियों ने अपने कब्जा ले लिया है और या तो उनमें खेती की जा रही है या फिर उसमें निज निर्माण कार्य कर लिए हैं। दुर्भाग्यजनक यह है कि इस बात की जानकारी शासन, प्रशासन, ग्राम पंचायत से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को होने के बाद भी वे इस गौचर भूमि को मुक्त कराने कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। यहीं वजह है कि आज शासन-प्रशासन का ध्यान इस और आकृष्ट करने के लिए एक दिवसीय धरना का आयोजन किया है। श्री जायसवाल ने कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं होती और गौचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जाता है तो वे आने वाले दिनो में अगला कदम उठाएंगे।